ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक-334 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

01 जून 2025 रविवार

आज का मौसम

34 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

# सिंदूरमयी हुए भोपाल में नारी शक्ति समागम



प्रसंगवश

राजेश सिरोठिया

शनिवार की दोपहर मध्यप्रदेश में आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर खड़ा होने का जतन करने वाली महिला स्वायत्त समूह की महिलाओं और महिला उद्यमियों की विशाल मौजूदगी में देवी अहिल्या की तीन सौवीं जयंती पर बुलाए गए आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित उनकी काबीना के सभी प्रमुख मंत्री खासतौर से शिरकत की। इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने के सारे जतन किए गए। 300वी जयंती थी तो प्रतीक के बतौर 300 रूपए का सिक्का जारी किया गया। देश भर में उनकी धर्मपरायणता की चर्चा करते हुए देश भर में उन्होंने जो मंदिर बनवाए उसकी चर्चा हुई। उनकी न्यायप्रियता से लेकर तीरंदाजी के उनके हुनर की चर्चा हुई लेकिन सभागार में मौजूद महिलाओं का जोश तब जागा जब प्रधानमंत्री ने आपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए पाकिस्तान को चेताया कि आगे भी अगर वह कोई आतंकी हरकत करेगी तो उसे उसकी भाषा में जवाब दिए जाएगा। गोली का जवाब गोले से मिलेगा। आलम यह था कि सारा पंडाल कई मिनटों तक सिंदूर आपरेशन को से लेकर तालियों से गूंजता रहा। इसकी महिलाओं में जोश की तीव्रता इस कदर थी कि मोदी कोई को कुछ वक्त तक अपना भाषण रोकना पड़ा। जबकि इसे पहले महिला प्रतिभागियों से ऐसा रिस्पांस नहीं दिख रहा था । लेकिन आपरेशन सिंदूर का जिक्र आते ही साफ लगा कि 26 निर्दोष महिलाओं के सुहाग को उजाड़ने वाले पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ देश की आधी आबादी में कितना आक्रोश है। भारत सरकार के सैन्य आपरेशन आपरेशन को लेकर जो करंट देश की जनता में पैदा हुआ है, उसतके पीछे कई संदेश छुपे है। आपरेशन सिंदूर ने जता दिया है कि भारत में रहने वाले लोगों जिनमें शांतिप्रिय भारतीय मुस्लिमों का भी दिल जीता है तो भारत के कतिपय पाक परस्त कटट्र मुस्लिमों को समझ में आ जाना चाहिए कि पाकिस्तान उसका सरपरस्ती में महफूज रहना कतई मुमकिन नहीं। पाकिस्तान की हिमायत उसके कोई काम नहीं आने वाली उन्हें जो कुछ मिलेगा वह भारत की केंद्र और राज्य सरकारों के खजाने से ही हासिल होगा।



मोदी और भाजपा की एनडीए सरकार की कट्टर मुस्लिम लाख बुराई करें। विपक्ष के कतिमय मानसिक कब्ज के शिकार भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाएं। लेकिन वे भी जानते हैं कि भाजपा या मोदी ने गरीब हिंदुओं और दूसरे फिरकों के साथ अपनी योजनाओं से मुस्लिम गरीबों के साथ कोई नाइंसाफी नहीं की है। सभी को उनका हक देने की कोशिश की है। विपक्षी दलों के धड़ों में से कुछेक विकार ग्रस्त नेता मुस्लिम वोटों की चिंता में भले ही अनावश्यक प्रलाप कर रहे हो, लेकिन 32 विदेशों में जाने वाले देश के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंक के खिलाफ में भारत की जंग को जायज ठहराया है। इसमें एआईएमएम के तेजरार्रर समझदार और कानून के जानकार ओवेसुद्दीन ओवेसी नेता हों या कांग्रेस राज में विदेश मंत्री रह चुके सलमान खुर्शीद हों। सभी दल के पहले देश के भाव के साथ आगे खड़े थे।


कांग्रेसी सांसद शशि थरूर के खिलाफ कांग्रेस के कुछ नेता उन्हें भाजपा का प्रवक्ता साबित करने पर आमादा हैं, उनकी आलोचना को दरकिनार करते हुए थरूर ने भारत का पक्ष लिया। आतंक के खिलाफ भारत के आपरेशन सिंदूर की दिल खोलकर तारीफ की। ठाकरे गुट की शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी पाकिस्तान के खिलाफ जो स्टैंड लिया है, उससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा के साथ विपक्षी दलों में कई नेता ऐसे हैं जो इंडिया फर्स्ट का भाव अपने मन में पाले हैं। उदित राज से लेकर कांग्रेसी, सपाई प्रवक्ताओं ने जिस तरह से आपरेशन सिंदूर पर सवाल उछाए हैं, उनकी समझ और बुद्धि समझ से परे है।

### मीडिया और मेडिसिन का ओवरडोज खतरनाक भी हो सकता है

जहां तक मोदी की बात करें तो वह आपरेशन सिंदूर की चर्चा करके यह जताने में जुटे हैं कि आतंक के खिलाफ उनकी सरकार तथा सेना की इच्छा शक्ति साफ है। लेकिन कम्युनिकेशन के विद्यार्थी के नाते यह कह सकता हूं कि आपरेशन सिंदूर में भारत की सरकार और सेना का जो रवैया रहा है, वह जनता के दिलो दिमाग में गहराई से उतर चुका है। अब उसके प्रचार प्रसार का ज्यादा ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है। मोदी-शाह- राजनाथ सिंह जैसे भाजपा के कद्दावर नेता अनुभव, समझ और रणनीति का खजाना लेकर बैठे हैं,इसलिए उनको न तो समझाने की जरूरत है और न उन्होंने हमसे कोई सलाह मांगी है। फिर भी चालीस साल के पत्रकारीय अनुभव और कम्युनिकेशन के छात्र के नाते बताना चाहता हूं कि मीडिया हो या मेडिसिन या फिर प्रोपेगंडा, इसका ज्यादा डोज कई बार फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकता है। इसी तरह देश से ऊपर दल की चिंता करने वाले नेता भी अपनी पार्टी के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। जनतंत्र में वोटों की जरूरत सभी को है लेकिन इसके लालच में देश के हितों को अजरअंदाज करना भी उन्हें और भी हाशिए मे धकेल सकता है। इस बात को जो भी जल्द समझ ले वह उसके लिए उतना ही हितकर है।

## यूएन सम्मेलन में भारत ने खरी खोटी सुनाई-हमें दोषी ठहराना बंद करे पड़ोसी

# जल स्ट्राइक से बिगड़े हालात, शरीफ बोले भीख का कटोरा लेकर कब तक घूमे पाक



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अब कहा है कि दुनिया अब पाकिस्तान से यह उम्मीद नहीं करती कि वह भीख का कटोरा लेकर उनके पास जाए। उन्होंने कहा कि देश को अब मदद के बजाय व्यापार, निवेश और विकास पर ध्यान देना चाहिए। विदेश यात्री से लौटकर क्वेटा में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए और देश के प्राकृतिक संसाधनों का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दुनिया हमसे उम्मीद करती है कि हम उनसे व्यापार, इनोवेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और मुनाफे वाले क्षेत्रों में निवेश के जरिए जुड़ें, न कि हम भीख मांगें। मैं और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर, इस बोझ को अब और नहीं उठाएंगे।' शरीफ ने कुछ देशों के साथ पाकिस्तान की करीबी दोस्ती की भी बात की। चीन को उन्होंने 'पाकिस्तान का सबसे आजमाया हुआ दोस्त' बताया और सऊदी अरब को 'सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय साथी' कहा। साथ ही उन्होंने तुर्की, कतर और यूएई का भी नाम लिया।

इधर पाकिस्तान से भारत ने फिर सख्त लहजे में कहा है कि सिंधु जल संधि के उल्लंघन के लिए वह भारत को दोषी ठहराना बंद कर दे। क्योंकि पाकिस्तान की जमीन से होने वाला क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म इस संधि के क्रियान्वयन में बाधा डाल रहा है। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में ग्लेशियर्स पर संयुक्त राष्ट्र के पहले सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुमें पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद के जरिए इस संधि का उल्लंघन कर रहा है। 'हम पाकिस्तान की ओर से इस मंच का दुरुपयोग करने और ऐसे मुद्दों को उठाने की कोशिश से स्तब्ध हैं, जो इस मंच के दायरे में नहीं आते और हम ऐसी कोशिश की कड़ी निंदा करते हैं।' सिंह ने कहा कि यह एक अटल सत्य है कि सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से परिस्थितियों में बुनियादी बदलाव आए हैं, जिससे संधि की शर्तों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। पाकिस्तान खुद इस संधि का उल्लंघन कर रहा है, उसे इसके लिए भारत पर दोषारोपण करने से बचना चाहिए। दरअसल इससे पहले सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि उनका देश भारत को 'रेड लाइन' पार नहीं करने देगा और संधि को स्थगित कर करोड़ों लोगों की जिंदगी को राजनीतिक लाभ के लिए खतरे में नहीं डालने देगा।

### 6 सीमावर्ती राज्यों में मॉक ड्रिल, ब्लैकआउट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन शील्ड के तहत बीती रात देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लास्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से निपटने की ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैक आउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा। इस दौरान पुलिस की टीमें पेट्रोलिंग करती रहीं। लोगों को सतर्क किया गया। बताया जाता है कि यह ड्रिल राज्यों में 29 मई को होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से इसे टाला गया था। आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों का भी परीक्षण किया गया। महत्वपूर्ण ठिकानों, इमारतों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अभ्यास किया गया। लोगों को खतरे वाली जगहों से सुरक्षित स्थानों पर भेजने की तैयारी तथा विमानों व मिसाइलों के हमले पर वायुसेना और नागरिक सुरक्षा नियंत्रण कक्ष के बीच हॉटलाइन स्थापित करने की तैयारी परखी गई।

## इस बार सुखोई फाइटर जेट के टायरों पर दौड़ेगा जगन्नाथ का रथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इस्कॉन रथयात्रा में इस साल भगवान जगन्नाथ का रथ नई तकनीक से लैस दिखेगा, यानि रूसी सुखोई फाइटर जेट के टायर पर चलता नजर आयेगा। ये वही टायर हैं, जो जेट को 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रनवे पर दौड़ाकर उड़ान भरने में सहायक होते हैं। बताया जा रहा है कि भगवान जगन्नाथ के रथ में पिछले साल स्टीयरिंग में आई खराबी के बाद ये बदलाव किया गया है। हालांकि इससे पहले भी भगवान जगन्नाथ के रथ में विमान के ही टायर इस्तेमाल किए जा रहे थे, जो बोइंग 747 विमान के थे। अब इसके टायर मिलने भी मुश्किल हो गए हैं। लिहाजा जब नए टायर की तलाश की जा रही थी तो सुखोई के 4 फीट के टायर, बोइंग के टायरों से मिलते-जुलते पाए गए। इनका व्यास भी 4 फीट था और वजन 110 किलो था। पहले 747 के टायर डनलप बनाती थी। अब एमआरएफ भारत में सुखोई फाइटर जेट के लिए टायर बनाती है।



इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास का कहना है कि जब उन्होंने एमआरएफ से रथ के लिए सुखोई के टायर मांगे तो पहले अफसरों को विश्वास ही नहीं हुआ। इसके बाद अधिकारी रथों का निरीक्षण करने कोलकाता आए। उन्होंने देखा कि रथ 48 सालों से बोइंग 747 के टायरों पर चल रहे हैं। हमने उन्हें बताया कि सुखोई के टायर आकार और मजबूती में सबसे सही हैं, तब वे हमें टायर बेचने के लिए राजी हो गए।

### भोपाल का बर्थ-डे



आज भोपाल की 76वीं वर्षगांठ पर कई कार्यक्रम हो रहे हैं। ईदगाह हिल्स पर भोपाल गेट के समक्ष एक कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, भाजपा नेता सुरेश पचौरी, महापौर मालती राय, ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित शहरभर के नेता, अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। -फोटो निर्मल व्यास

### नक्सली दादा से पोती ने लौट आने की अपील की

**जगदलपुर, एजेंसी।** माओवाद के खात्मे के लिये सरकार और प्रशासन के प्रयासों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में सामाजिक चेतना का विकास भी महत्वपूर्ण भूमिका में है। हाल में बीटेक कर रही एक युवती ने भी यही उदाहरण पेश किया है। उसने अपने माओवादी दादा से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। खबरों के अनुसार शीर्ष माओवादी नेता हिंसक थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी से उसकी पोती सुमा ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने को कहा है। तेलुगू भाषा में लिखे पत्र में उसने लिखा- 'दादा लौट आइए, बंदूक से ज्यादा जरूरी रिश्ते हैं'। सुमा तेलंगाना के कोरुत्ला कस्बे में रहती है।



**मेट्रो एंकर**

## आज महीने की पहली तारीख, कमर्शियल सिलेंडर सस्ता, फिर कई नए नियम व कायदे लागू हुए

# होटल का खाना और हवाई सफर में राहत के नए आसार, मगर रसोई गैस-पेट्रोल के तेवर बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जून की शुरूआात आज से रोजमर्रा के कामकाज के नियमों में बदलावा के साथ हुई है। आज 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 25.50 रुपए तक की कटौती की गई है। इसके अलावा एविएशन टर्बाइन फ्यूल कीमत भी 2391.27 रुपए तक कम हो गई है इससे हवाई सफर सस्ता हो सकता है। हालांकि रसोई गैस की कीमतों और पेट्रोल डीजल के दामों में कमी नहीं की गई है। उधर सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज में 0.20% तक की कटौती की है। सामान्य नागरिकों को अब एफडी पर 4% से लेकर 8.4% तक का ब्याज मिलेगा। इसके अलावा इस महीने से कर्मचारियों को एटीएम यूपीआई से सीधे पीएफ का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। आज से बदलावों के तहत सेबी ने ओवरनाइट म्यूचुअल फंड स्कीम्स के लिए नया कट-ऑफ टाइम लागू किया है। अब ऑफलाइन ट्रांजैक्शन के लिए समय 3 PM और ऑनलाइन के लिए 7 PM होगा। इसके बाद किए गए ऑर्डर अगले वर्किंग डे पर माने जाएंगे। इसका फायदा यह होगा कि निवेशकों के पास उस दिन की नेट असेट्स वैल्यू पाने के लिए ज्यादा समय होगा।




### ATM और UPI से निकाल सकेंगे PF का पैसा

केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जून में बड़े बदलाव की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार EPFO 3.0 के मसौदे के अनुसार कर्मचारियों को जल्द ही ATM और UPI से सीधे PF का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। इसके तहत, खाताधारकों को विड्रॉल कार्ड मुहैया कराए जाएंगे। यह पूरी तरह से बैंक एटीएम की तरह होगा। नई सुविधा के तहत एक तयशुदा रकम ही निकाली जा सकेगी। इससे ये होगा कि कर्मचारी इमरजेंसी के लिए पैसे तो निकाल सकेगा, लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पर्याप्त राशि अकाउंट में सुनिश्चित रहेगी।

### UPI ट्रांजेक्शन में अब असली रिसीवर का नाम

एनपीसीआई ने नया नियम लागू किया है जिसके तहत यूपीआई पेमेंट करते वक्त यूज़र को सिर्फ अल्टीमेट बेनिफिशियरी यानी असली रिसीवर का बैंकिंग नाम ही दिखेगा। क्यूआर कोड या एडिट नाम अब नहीं दिखेंगे। ये नियम 30 जून तक लागू करने होंगे।

### पूर्वोत्तर में मानसून का रौद्र रूप, 32 मौतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वोत्तर भारत में समय से पहले पहुंचा मानसून तबाही मचाने लगा है। दो दिन में 32 लोगों की मौत हो गई है तथा आने वाले दो तीन दिन और मानसून के तेवरों में नर्मी की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने इसके लिये अलर्ट जारी किया है। असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 लोगों की जान गई। असम में सभी मौतें लैंडस्लाइड-बाढ़ के चलते हुईं।



अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में हाईवे 13 पर भूस्खलन की चपेट में आई कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो परिवारों के 7 लोग मारे गए। वहीं उत्तरी सिक्किम में करीब 1500 पर्यटक फंसे हैं। हिमाचल प्रदेश में आज और कल के लिए आंधी-बारिश और तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उच्च शिक्षा विभाग ने में ऑनलाईन प्रवेश तिथि में की बढ़ोत्तरी, विद्यार्थियों को मिली राहत

# कॉलेजों में यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन अब 6 तक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
इस वर्ष कॉलेज में यूजी-पीजी में प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए जारी ऑनलाईन प्रवेश समय-सारणी में संशोधन किया है। जिसके अनुसार अब यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 6 जून तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 16 मई से 7 जून 2025 तक किया जाएगा। वहीं सीट आवंटन 12 जून को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 13 से 18 जून 2025 तक होगा। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने पर प्रवेश नही माना जाएगा। इधर बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड, एमपी.एड., बी.एड., एमएड, (एकीकृत तीन वीय) आईटीईपी एवं बी.एल.एड तथा बीएड, (अंशकालीन तीन वर्षीय) पाठ्यक्रम 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया के लिए भी समय सारणी में बदलाव किया गया है। जानकारी के अनुसार, ऑनलाईन पंजीयन/आवेदन 6 जून 2025 तक होंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 16 मई से 7 जून 2025, मेरिट सूची का प्रकाशन 9 जून 2025, सीट आवंटन जारी करना 12 जून 2025, आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 13 से 18 जून 2025, आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारम्भ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 14 से 19 जून 2025 तक होगी। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने पर प्रवेश नही माना जाएगा।

### अब 13 जून से शुरू होगा दूसरा चरण

यूजी-पीजी के लिए ऑनलाईन पंजीयन आवेदन 13 से 18 जून 2025, पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 14 जून से 19 जून सीट आवंटन जारी करना 24 जून आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान प्रारम्भ करना आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 25 से 30 जून 2025 तक होगी। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने पर प्रवेश नही माना जाएगा। वहीं बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड, एमपी.एड., बी.एड., एमएड,(एकीकृत तीन वीय) बी.एल.एड तथा बीएड, (अंशकालीन तीन वर्षीय) पाठ्यक्रम के लिए दूसरे चरण के पंजीयन 13 जून से 18 जून 2025 तक होंगे।

जगह तलाशने के लिए दौड़ भाग तेज

# मेट्रो प्रोजेक्ट : अब आया मुसाफिरों के लिए पार्किंग स्थल का खयाल!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
**मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर अब तक प्रशासन सभी पहलुओं पर फोकस नहीं कर सका है लिहाजा हर बार कुछ समय के अंतराल के बाद नया निर्माण या नया विचार अमल मे आने लगता है। मसलन अब मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के वाहनों के लिए मेट्रो रेल कंपनी सभी स्टेशनों पर पार्किंग के लिए जगह तलाश रही है। सुभाष नगर से एम्स के बीच बन रहे प्रायोरिटी कॉरिडोर के 8 में से 5 स्टेशनों पर तो पार्किंग बनाने की तैयारियां तकरीबन पूरी कर ली गई हैं। उधर आज इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के पांचों स्टेशंन पर पार्किंग देने की तैयारी है। आलम यह है कि दोनों शहरों के प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्टेशंस के बाद पूरे रूट पर भी पार्किंग का प्लान बनाया जा रहा है। मेट्रो प्रबंधन को आला अफसरों के दखल के बाद ये निर्णय लेना पड़ा है। इसलिए मेट्रो कंपनी भोपाल-इंदौर नगर निगम से चर्चा के बाद नए पार्किंग स्थल चिह्नित कर रही है।**
दरअसल अन्य शहरों में भी पार्किंग के लिये बाद में आपाधापी मचती रही है लेकिन भोपाल में यह सबक नहीं सीखा गया। कहा जो यह जाता है कि भोपाल-इंदौर मेट्रो की डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में ही पार्किंग का प्रावधान नहीं किया गया है। प्रबंधन का तर्क था कि ऐसा इसलिए, क्योंकि मेट्रो की पॉलिसी है कि यात्रियों को घर से निकलते ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट मुहैया करवाया जाए। इसलिए मोबीलिटी प्लान बनाए गए हैं। अब कहा जा रहा है कि अफसरों ने हाल में मेट्रो प्रबंधन से इस बारे में बात की। इसके बाद पार्किंग का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए। इसके लिए विभाग के एसीएस ने इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा करते वक्त इंदौर नगर निगम के अफसरों को पार्किंग के लिए स्थान देने के निर्देश भी दिए।



### 8 स्टेशनों पर व्यवस्थित प्लान

मेट्रो के अफसरों का कहना है कि भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर के 8 स्टेशनों के लिए व्यवस्थित प्लान बनाया जा रहा है। इनमें सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर, आरकेएमपी, डीआरएम, अलकापुरी और एम्स स्टेशन शामिल हैं। इन पर साइकिल, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग का प्लान बनाया जा रहा है।

### एम्स और सुभाष नगरमें बनेगी बड़ी पार्किंग

बताया जा रहा है कि हाल में मेट्रो प्रबंधन ने एम्स स्टेशन में पार्किंग की जगह तलाश ली है। अलकापुरी में पार्किंग के लिए जगह नहीं मिल रही है। डीआरएम स्टेशन पर स्टाफ पार्किंग की व्यवस्था की जा सकती है। आरकेएमपी पर रेलवे की पार्किंग को ही इस्तेमाल किया जाएगा, एमपी नगर स्टेशन पर पार्किंग के लिए नगर निगम से बात जारी है। सुभाष नगर में बड़ी पार्किंग

### पार्किंग स्थल नहीं हों तो...

मेट्रो स्टेशनों के आसपास अवैध पार्किंग व वसूली विकसित होंगी। यात्री अपने वाहन स्टेशन के पास इधर-उधर खड़े करेंगे, जिनके चोरी होने की आशंका रहेगी। अगर यात्री घटे तो मेट्रो को आर्थिक रूप से नुकसान भी होगा। मेट्रो से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या कम हो सकती है।

ननि ने बनाकर दी हैं यह दुकानें

# शराब दुकानों से सड़कें जाम, ननि छोटे कारोबारियों पर चला रहा डंडा


फाईल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
शहर में फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का दावा करने वाला नगर निगम कई ट्रक सामान जब्त हर रोज नगर निगम के गोदाम भेजता है। छोटा कारोबार करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाता है। लेकिन, प्रशासन ने खुद ही फुटपाथ से लेकर सर्विस रोड पर शराब दुकानें बनाकर दी हैं।नतीजा यह है कि आम लोगों के लिए चलने की जगह नहीं बची है। इनमें पहले नंबर पर सबसे वीवीआईपी इलाके पॉलीटेक्निक चौराहा की शराब दुकान है। यह मुख्य रोड से लगी सर्विस रोड पर है। इसी तरह मनीषा मार्केट में बस स्टॉप से लगाकर पैदल चलने वाली जमीन पर शराब दुकान बनी है। कोहेफिजा पुलिस थाने के पास ब्रिज के नीचे शराब दुकान बना दी गई है। शराब दुकान खुलने के पहले लोग यहां पर बैठते थे। इस तरह नगर निगम और प्रशासन ने शहर में शराब कारोबारियों को 8 दुकानें बनाकर दी हैं। लोग सवाल भी पूछते हैं कि जब कोई आम आदमी फुटपाथ और सड़क पर दुकान नहीं खोल सकता है, तो प्रशासन कैसे शराब कारोबारियों को दुकान बनाकर दे सकता है। इसके कारण पैदल चलने वालों से लेकर आम लोगों को ट्रैफिक तक में परेशानी होती है। बताया जाता है कि नीति के अनुसार शराब कारोबारी को ही दुकान की व्यवस्था करनी होती है। जिन कारोबारियों को किराए या खुद की दुकान नहीं मिलती है, वे आबकारी विभाग को लिखित में दुकान की व्यवस्था नहीं होने की बात देते हैं। इस आधार पर नगर निगम और नजूल को दुकान की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए जाते हैं। वे सरकारी जमीन पर अस्थायी दुकानें बनाकर किराए पर देते हैं।

# विरासत संग स्वास्थ्य : विकसित भारत @2047 का नया आयाम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
भारत सरकार की दूरदर्शी पहल विकसित भारत @ 2047 के अंतर्गत, संत हिरदाराम गर्ल्स साइंस कॉलेज में 22 से 28 मई, 2025 तक एक सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ÷विकास भी, विरासत भी÷ की केंद्रीय थीम पर आधारित था, जिसका दोहरा उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साथ ही विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था।
कॉलेज के समग्र विकास की परिकल्पना के अनुरूप, एनसीसी नेवल विंग और खेल विभाग ने मिलकर कैडेट्स के लिए विशेष विरासत-प्रेरित स्वास्थ्य गतिविधियाँ आयोजित कीं। इन गतिविधियों में पारंपरिक भारतीय व्यायाम और



भारतीय विरासत से प्रेरित योग सत्र शामिल थे, जिन्होंने कैडेट्स को न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि उन्हें भारत की प्राचीन स्वास्थ्य परंपराओं से भी गहराई से जोड़ा।
प्राचार्य डॉ. डालीमा पारवानी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर इसकी गरिमा बढ़ाई। अपने उद्बोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस सफल आयोजन की समन्वयक डॉ. शांति शर्मा, सीटीओ एवं खेल अधिकारी रहीं, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

अंशकालिक कर्मचारी गुस्से में

# 10 माह के वेतन हेतु भीख मांगो आंदोलन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
जनजाति कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारी अपने 10 माह का लंबित वेतन के लिए 5 जून को आयुक्त कार्यालय के सामने भीख मागो आंदोलन करेंगे। यह प्रदर्शन कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग मुख्यालय पर्यावास भवन के सामने किया जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले 10 माह से वेतन भुगतान विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है जिस कारण अंशकालीन कर्मचारी के परिवार में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है अंशरकालीन कर्मचारियों के द्वारा विभागीय अधिकारियों से वेतन भुगतान की मांग करने पर अधिकारियों का कहना हैं कि मुख्यालय से बजट आवंटन नहीं किया गया है। बताया जाता है कि जनजाति कार्य विभाग मध्य प्रदेश शासन का पहला विभाग है जहां दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को 10 माह बाद भी वेतन भुगतान नहीं किया जाता है। सरकार भी वेतन भुगतान करने की मांग को संज्ञान में नहीं ले रही है । कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि 5 जून को भीख मांगो आंदोलन करने के बाद भी यदि वेतन भुगतान नहीं किया गया तो मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

## कलश यात्रा


राजधानी के अशोकागार्डन क्षेत्र में अति प्राचीन दरोई बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार पश्चात आज से पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन शुरू हुआ। इसकी शुरुआत कलश यात्रा से हुई।

# तंबाकू निषेध दिवस : नशा मुक्त जीवन का आह्वान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय द्वारा एक प्रभावी जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में जनसामान्य को तंबाकू उत्पादों और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में श्री बी.एल. जोनवार और श्री शैयद हसनैन ने अपने विचारों से लोगों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट आयुष, संदीप, सचिन, मौनिष और अभिषेक ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महाविद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की और भविष्य में सभी प्रकार के मादक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नशा मुक्ति के संदेशों को जनसामान्य तक पहुँचाने के लिए पोस्टर प्रदर्शनी और भाषण जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। साधु वासवानी एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष श्री दयालदास डेटानी और प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने विशेष रूप से विद्यार्थियों, नवयुवकों और आमजनों से समस्त प्रकार के नशों से दूर रहने की भावुक अपील की।



मेट्रो एंकर

श्री कालिका शक्तिपीठ में सेवासदन का शिविर

# 135 मरीजों की आँखों-दाँतों की जांच, निःशुल्क शिविर में मिला लाभ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**
सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा आज कालीघाट स्थित श्री कालिका शक्तिपीठ में एक व्यापक नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 135 रोगियों की आँखों और दाँतों की गहनता से जांच की गई, जिनमें 91 पुरुष और 44 महिलाएं शामिल थीं। नेत्र रोगों की जांच में सामने आए आंकड़ों के अनुसार, कुल 80 रोगियों में दृष्टिदोष (आँखों की रोशनी संबंधी समस्या) पाया गया। वहीं, 27 रोगियों को मोतियाबिंद सर्जरी के लिए सेवासदन नेत्र



चिकित्सालय में आगे के उपचार हेतु रेफर किया गया, जबकि 65 रोगियों को तत्काल आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। रोग परीक्षण के दौरान 22 मरीजों में डायबिटीज और 19 में ब्लड प्रेशर की शिकायत भी सामने आई। इसी प्रकार, शिविर में 131 व्यक्तियों के दंत रोगों की भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई।
शिविर के सफल संचालन में श्री कालिका शक्तिपीठ के अध्यक्ष श्री रजनीश सिंह, पंडित श्री विनोद महाराज और मंदिर सेवक श्री राम कुकरेजा ने प्रमुख रूप से उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। सेवासदन की ओर से ऑप्टोमेट्रिस्ट सागर घोड़से, अभय कुशवाह, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल दासवानी, रोशनी ज्ञानचंदानी और अन्य सहयोगी स्टाफ ने अपनी निःस्वार्थ सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाया। इस आयोजन से बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और प्रारंभिक उपचार का महत्वपूर्ण लाभ मिला।

### कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिया था अमर्यादित बयान, सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है मामला

# गिरफ्तारी से छूट, तब भी जनता के बीच आने से बच रहे मंत्री शाह

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अमर्यादित भरा बयान देने वाले मोहन सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह जनता के बीच आने से बच रहे हैं। वह शनिवार को जंबूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन से भी नदारद रहे। इसके पहले वह दो कैबिनेट बैठकों में भी शामिल नहीं हुए। मंत्री शाह के इस तरह बार–बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं पहुंचने से लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी से छूट दे रखी है तब शाह जनता के सामने आने से क्यों बच रहे हैं, इसके पीछे कहीं पार्टी का फरमान तो नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मंत्री शाह ने 11 मई को इंदौर में उक्त बयान दिया था, जिस पर हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया था जिसके आधार पर मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसे शाह ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी।



### राजवाड़ा कैबिनेट में नहीं आए थे

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की याद में इंदौर के राजवाड़ा में मोहन सरकार ने कैबिनेट बैठक की। इसमें सभी मंत्री आए लेकिन मंत्री विजय शाह नहीं आए। इसके बाद मंत्रालय में भी बीते मंगलवार कैबिनेट बैठक हो चुकी है, उसमें भी शाह नहीं आए। शनिवार को जंबूरी मैदान में केंद्र व राज्य ने लंबे समय बाद बड़ा आयोजन किया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए थे, सभी मंत्रियों को अलग–अलग जिम्मेदारियां दी थीं। उक्त आयोजन में सरकार ने मंत्री विजय शाह को कोई जिम्मेदारी नहीं थी और वह शामिल भी नहीं हुए।

### कांग्रेस बना रही दबाव

मंत्री शाह मामले में कांग्रेस लगातार भाजपा पर दबाव बनाकर इस्तीफे की मांग कर रही है। भाजपा से पूछा जा रहा है कि जब बयान सार्वजनिक हो गया है और सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर उपलब्ध है तो पार्टी उन्हें हटाती क्यों नहीं है। कांग्रेस का आरोप है कि यह भाजपा नेताओं का सेना व सेना के जवानों को बदनाम करने का सुनियोजित प्रयास है। कल जबलपुर में हुए कांग्रेस ने अपने कार्यक्रम में इस मुद्दे को फिर से उठाया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाए कि भाजपा के लोग सेना को बदनाम कर रहे हैं।

### प्रदेश के 29 कॉलेजों को झटका

# निरीक्षण में पूरे नहीं मिले मापदंड खोलने का प्रस्ताव हुआ खारिज

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

प्रदेश में अब 29 नए कॉलेज नहीं खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों को लेकर अहम निर्णय लिया है। विभाग ने 21 नये कॉलेजों के प्रस्ताव निरस्त करने के साथ ही आठ नए लॉ कॉलेज के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। बताया जा रहा है टीम को निरीक्षण के दौरान इन कॉलेजों में मापदंड के अनुसार व्यवस्थाएं नहीं मिली थी। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस बार 15 नये कॉलेजों को मान्यता दी गई है। आठ लॉ कॉलेजों को भी मान्यता दी गई है। वर्तमान में 19 कॉलेजों की प्रक्रिया चलन में है। इधर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग का कार्यक्रम आगे बढ़ाते हुए पंजीयन क अंतिम तिथि 6 जून तय कर दी है। इससे विद्यार्थियों को इन कालेजों में प्रवेश का मौका मिलेगा। विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया है। इससे निजी कालेजों को काफी राहत मिलेगी। हाल ही में जिन कालेजों को मान्यता और संबद्धता मिली है। वह भी प्रथम राउंड की काउंसलिंग में भागीदारी कर पाएंगे। नये विद्यार्थी उनसे जुड़कर प्रवेश ले पाएंगे। विभाग 12 जून को सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी 13 से 18 जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थी उक्त तिथि में फीस जमा नहीं करते हैं, तो उनके प्रवेश मान्य नहीं होंगे। भुगतान के अभाव में उनके प्रवेश नहीं माने जाएंगे।

### 562 सरकारी और 364 निजी कॉलेज काउंसलिंग के पोर्टल पर शामिल-

जानकारी के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश के 562 सरकारी और 364 निजी कॉलेज काउंसलिंग के पोर्टल पर शामिल किए गए हैं। उक्त कॉलेजों के यूजी–पीजी में प्रवेश लेने के लिए दो लाख 15 हजार पंजीयन हो चुके हैं। जबकि एक लाख 60 हजार ने अपना सत्यापन करा लिया है। डेढ़ लाख विद्यार्थियों ने च्वाइस लॉक हो चुकी हैं। जहां नये विद्यार्थी छह तक पंजीयन करा सकेंगे। वहीं वंचित विद्यार्थी सात जून तक सत्यापन करा सकेंगे।

### दसवीं-बारहवीं की द्वितीय परीक्षा के आवेदन अब 8 जून तक भरे जाएंगे

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# यूटीडी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को अंतिम मौका, सत्यापन-पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। यहां संचालित कोर्स प्रवेश के लिए विद्यार्थी एक जून तक पंजीयन और सत्यापन कर पाएंगे। बीयू बीएएलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर और एमए क्लीनिक सायकलाजी में सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) से ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा शेष यूटीडी में संचालित सभी कोर्स में सीयूईटी और नॉन सीयूईटी (ऐसे छात्र जो सीयूईटी-यूजी व पीजी में शामिल नहीं होंगे) दोनों तरह के विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाएंगे। बीयू ने 75 फीसदी सीट पर नान सीयूईटी और 25 फीसदी सीयूईटी से प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग शुरू कर दी है। विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए एक जून तक पंजीयन और सत्यापन करा सकते हैं।

**दो दर्जन विभागों में करीब 1200 सीटें:** बीयू के करीब दो दर्जन विभागों में करीब 1200 सीटों पर प्रवेश होना है। बीएएलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर और एमए क्लीनिकल सायकलाजी में प्रवेश सिर्फ सीयूईटी से ही दिए जाएंगे। प्रवेश देने बीयू ने काउंसलिंग शुरू कर दी है। विद्यार्थी एक जून तक पंजीयन और सत्यापन कर सकते हैं।




### कल होगा मेरिट के साथ सीटों का आवंटन

बीयू दो जून को मेरिट के साथ सीटों का आवंटन करेगा। विद्यार्थी तीन से पांच जून तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। इसके बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश देने के लिए दूसरे राउंड की काउंसलिंग में चार से 12 जून तक पंजीयन और सत्यापन होंगे। 13 जून को मेरिट जारी कर सीटें आवंटित होंगी। विद्यार्थी 14 से 16 तक फीस जमा कर प्रवेश पुख्ता करेंगे।



इम्पैक्ट फीचर

# स्व सहायता : महिलाएं बनी आत्मनिर्भर, किसी ने दुकान तो किसी ने गैरेज खोला

## टेंट हाउस से कमा रहीं हर माह 15 से 20 हजार रुपए



छतरपुर जिले के लवकुशनगर के ग्राम अमहापुरवा की रहने वाली अभिलाषा पटेल ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली अभिलाषा का परिवार पारंपरिक खेती पर निर्भर था, जिससे परिवार की वार्षिक आय जरूरतों को पूरा नहीं कर पाती थी। अभिलाषा ने ठाना कि वह स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। उन्होंने आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह से जुड़कर न सिर्फ तकनीकी जानकारी प्राप्त की, बल्कि 1.5 लाख रुपये का सीसीएल ऋण भी लिया।

- इस पूंजी से उन्होंने गांव में ही टेंट हाउस की दुकान शुरू की। आज उनकी दुकान से उन्हें प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये तक की आय हो रही है। यह व्यवसाय ना सिर्फ उनके लिए, बल्कि गांव में होने वाले आयोजनों के लिए भी उपयोगी साबित हो रहा है। अभिलाषा का यह प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं और सहयोग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नीतियों के लिए आभार जताया, जिनकी दूरदर्शी सोच से प्रदेश में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण तेजी से हो रहा है।
- स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ रही हैं और परिवारों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। अभिलाषा की कहानी बताती है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर हर महिला अपनी पहचान बना सकती है।

## इंदौर में स्थापित प्रदेश का पहला महिला मैकेनिक गैरेज



इंदौर में स्थापित प्रदेश का पहला महिला मैकेनिक गैरेज महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रहा है। इस गैरेज में 100 से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं। स्वच्छता में अव्वल इंदौर अब महिला सशक्तिकरण में भी नई पहचान बना रहा है, जहां महिलाएं तकनीकी क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं।

- यहां सभी कार्य महिलाएं ही संभालती हैं। घरेलू जिम्मेदारियों के साथ ये महिलाएं गैरेज में नियमित रूप से काम कर रही हैं। महिला मैकेनिक शिवानी रघुवंशी, दुर्गा मीणा और मेघा खराटे बताती हैं कि शुरुआत में थोड़ी झिझक और चुनौतियां थीं, लेकिन परिवार के सहयोग और आत्मविश्वास से वे आज एक नई पहचान बना चुकी हैं। गैरेज में काम करने वाली महिलाओं को 9 से 15 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलता है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।
- संस्था के डायरेक्टर राजेन्द्र बंधु बताते हैं कि पिपल्याहाना, हवा बंगला और पालदा में महिला गैरेज संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 20-25 महिलाएं नियमित रूप से कार्यरत हैं। अब तक 100 से अधिक महिलाओं को दोपहिया वाहन कंपनियों के सर्विस सेंटरों में प्लेसमेंट भी दिया जा चुका है।
- फर्म एवं सोसायटी एक्ट के तहत पंजीबद्ध इस संस्था की सोच है कि महिलाएं भविष्य में स्वयं कंपनियां संचालित करें और डीलरशिप लें। महिला मैकेनिक गैरेज यह संदेश देता है कि कार्य विभाजन जेंडर आधारित नहीं होना चाहिए। महिलाएं पुरुषों के समान हर क्षेत्र में सक्षम हैं, जरूरत है तो केवल अवसर और प्रोत्साहन की।

## इनसे 'उज्ज्वल' है प्रदेश

मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण अब नारे से आगे बढ़कर जमीनी बदलाव बन चुका है। उद्यमिता, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के क्षेत्र में राज्य सरकार की योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और गरिमा का नया आधार दिया है। यह बदलाव अब पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रहा है।

# देश में महिला सशक्तिकरण का रोल मॉडल बना मप्र... शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा पहली प्राथमिकता

### प्रदेश में कई योजनाएं महिलाओं के लिए, इसका जमीनी असर भी दिख रहा

## महिलाओं के आगे बढ़ने के अवसर



### लखपति दीदी योजना

बीपीएल श्रेणी की लाखों महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर लखपति दीदी बन चुकी हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता बढ़ी है।

### देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन

महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एकीकृत प्रयास के तहत यह मिशन शुरू किया गया है। यह मिशन समाज में महिलाओं की स्थिति सुधारने और उन्हें सशक्त बनाने में व्यापक बदलाव ला रहा है, जिससे उनका जीवन बेहतर और आत्मनिर्भर बन रहा है।

### लोकल से ग्लोबल

प्रदेश की 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य कर रही हैं और लोकल से ग्लोबल तक की यात्रा तय कर रही हैं।

### हाइजीन और सैनिटेशन योजना

राज्य की 19 लाख बालिकाओं को हाइजीन और सैनिटेशन योजना से आर्थिक संबल मिला है। इससे न केवल उनकी स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ी है, जो बालिकाओं के समग्र विकास और स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

### सरकारी सेवाओं में आरक्षण

मध्यप्रदेश ने सरकारी सेवाओं में महिलाओं का आरक्षण 33% से बढ़ाकर 35% कर दिया है, जिससे उन्हें नेतृत्व के अधिक अवसर मिल रहे हैं।

### नशामुक्त धार्मिक स्थल अभियान

महिला सम्मान और आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता हेतु 19 स्थलों को नशामुक्त करने का निर्णय लिया गया, जिससे सामाजिक वातावरण में मर्यादा बनी रहे।

### महिला उद्यमियों के लिए नीति

एमएसएमई विकास नीति और ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे वे आधुनिक उद्योगों में भागीदारी कर रही हैं।

**भोपाल**| मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। इन योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। मध्यप्रदेश का महिला सशक्तीकरण मॉडल अब देशभर में चर्चित है। अन्य राज्यों ने भी इस मॉडल को अपनाया है। डॉ. यादव ने कहा कि हर परिवार को पक्की छत, घर-घर शौचालय, नल-जल योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। इन योजनाओं से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है। महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहायता दी गई है। इनसे जुड़ी महिलाएं अब "लखपति दीदी" बन रही हैं। उनके बनाए उत्पाद बाजारों में बिक रहे हैं। ऑनलाइन बिक्री भी हो रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग का बजट 81% बढ़ाया गया है। वर्ष 2024-25 में 26,560 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें "लाड़ली बहना योजना" के लिए 18,984 करोड़ रुपये से ज्यादा रखे गए हैं। इस योजना से 1.25 करोड़ बहनें लाभ ले रही हैं। सशक्त वाहिनी कार्यक्रम से बालिकाओं को आत्मरक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की ट्रेनिंग दी जा रही है। अब तक 128 बालिकाओं का चयन पुलिस और अन्य सरकारी विभागों में हुआ है। 97 हजार से अधिक आंगनबाड़ियों से 81 लाख बच्चे, महिलाएं और किशोरियां लाभ ले रही हैं। इनमें ऑनलाइन उपस्थिति और एसेट डायरी की सुविधा शुरू हुई है। खेलों में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

## मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 57 वन स्टॉप सेंटर संचालित, 8 नए स्वीकृत



### ▪ वन स्टॉप सेंटर: संकट में सहारा

मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 57 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं और 8 नए स्वीकृत किए गए हैं। इन केंद्रों पर संकटग्रस्त महिलाओं को काउंसलिंग, कानूनी सहायता और अस्थायी आश्रय जैसी सेवाएं मिलती हैं। अब तक 1.27 लाख से अधिक महिलाओं को इससे मदद मिली है।

### ▪ एक कॉल, तुरंत मदद

महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को इमरजेंसी सेवा 112 से जोड़ा गया है। अब एक ही नंबर पर त्वरित सहायता मिल सकती है। वर्ष 2024-25 में 82,552 महिलाओं ने इस सेवा का लाभ लिया, जिससे सुरक्षा प्रणाली और अधिक सशक्त हुई है।

### ▪ शक्ति सदन" बना नई उम्मीद

राज्य ने 13 जिलों में 14 शक्ति सदन संचालित किए हैं, जहां कठिन हालात में फंसी महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित रूप से रह सकती हैं। यह अस्थायी आवास उनके आत्मविश्वास और पुनर्निर्माण की दिशा में पहला कदम है। अब इसे सभी संभागों तक विस्तार देने की योजना है।

### ▪ सुरक्षा से आत्मनिर्भरता तक

मध्यप्रदेश सरकार मानती है कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत सुरक्षा से होती है। इसी सोच के तहत राज्य में सुरक्षा, सहायता और पुनर्वास की सशक्त व्यवस्था खड़ी की गई है, जो महिलाओं को संकट से उबारकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देती है।

## हर योजना में एक ही भाव निहित... लाड़ली बेटियां आगे बढ़े, समाज को भी दिशा दें..

- मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना के तहत 30,000 से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों को कम ब्याज पर 648 लाख रुपये का ऋण अनुदान देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है।
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के तहत छात्राओं को साइकिल, स्कूटी और 12वीं के बाद उच्च शिक्षा हेतु 25,000 रुपये की सहायता दी जा रही है।
- सशक्त वाहिनी कार्यक्रम से 11,000 बालिकाओं को कोचिंग और आत्मरक्षा प्रशिक्षण मिला। अब तक 156 बालिकाएं सरकारी सेवाओं में चयनित हो चुकी हैं।
- राज्य में कुपोषण दर 60% से घटकर 33% पर आ गई है। 12,670 मिनी आंगनबाड़ियों को पूर्ण आंगनबाड़ी बनाकर पोषण और देखभाल की सेवाएं सशक्त की गई हैं।

### मप्र में महिला उद्यमिता को मिला नया विस्तार

## नेतृत्व को प्रोत्साहित किया... प्रदेश में 1 साल में महिला स्टार्ट-अप्स में 34 प्रतिशत की वृद्धि

मध्यप्रदेश में महिला उद्यमिता को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला स्टार्ट-अप्स की संख्या में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुंच गया, जो बताता है कि राज्य सरकार महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने में लगातार प्रयासरत है। इसी अवधि में प्रदेश में कुल स्टार्ट-अप्स की संख्या भी 4012 से बढ़कर 5230 हो गई है, जो 30 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस प्रगति के पीछे राज्य सरकार द्वारा बनाए गए अनुकूल वातावरण और मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर की सक्रिय भूमिका है। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 13 अगस्त 2024 को "प्रदेश महिला उद्यमी सम्मेलन" का आयोजन किया गया, जिसमें 40 से अधिक महिला स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया। इस आयोजन में महिलाओं को नीति, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से जोड़ने के अवसर मिले।

महिला स्टार्ट-अप्स को और अधिक सशक्त बनाने के लिए "मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं क्रियान्वयन योजना 2025" की शुरुआत की गई। इस नीति के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निवेशकों से संपर्क की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सरकार ने स्टार्ट-अप्स को वित्तीय सहायता देने के लिए 5 वैकल्पिक निवेश निधियों (AIFs) से साझेदारी की,



जिनमें से 3 निधियों ने 10.90 करोड़ का निवेश किया, जिसमें सरकार का अंशदान 3.03 करोड़ रहा।

राज्य सरकार की इस सोच को जमीन पर उतारने के लिए स्टार्ट-अप सेंटर ने "स्टार्ट-अप क्लीनिक", मार्गदर्शन सत्र और इनक्यूबेटर वर्कशॉप्स का आयोजन किया, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिला और महिला उद्यमियों में आत्मविश्वास जागा। यह पहल महिलाओं को केवल व्यवसाय करने का अवसर ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक मजबूत आधार भी प्रदान करती है। आज मध्यप्रदेश महिला नेतृत्व और स्टार्ट-अप विकास के क्षेत्र में देशभर में एक उदाहरण बन चुका है।

### लाड़ली बहना योजना के दो वर्ष पूर्ण

## हर वचन निभाया... प्रदेश की बहनों को मिला ₹28 हजार करोड़ से अधिक का सीधा लाभ

मध्यप्रदेश की बहनों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली "लाड़ली बहना योजना" ने अपने दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योजना की 24वीं किश्त जारी की। उन्होंने कहा कि हर माह 1250 रुपए की राशि भेजकर सरकार हर महीने एक "रक्षाबंधन" निभा रही है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। अब तक 1 करोड़ 27 लाख से अधिक बहनों के खातों में सीधे कुल 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि अंतरित की जा चुकी है। केवल 24वीं किश्त में ही 1551 करोड़ 89 लाख रुपए सिंगल क्लिक से भेजे गए। यह योजना डिजिटल ट्रांसफर की पारदर्शिता और शासन की संवेदनशीलता का प्रतीक बन चुकी है।

लाड़ली बहना योजना के साथ-साथ बहनों को घरेलू रसोई में राहत देने की पहल भी की गई है। अब तक 26 लाख से अधिक बहनों को गैस रिफिलिंग के लिए 30 करोड़ 83 लाख रुपए की सहायता दी गई है। इसके अलावा 56 लाख 83 हजार से ज्यादा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 341 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने भावुक शब्दों में कहा कि बहनों को सम्मान देना ही प्रदेश की असली समृद्धि है। उन्होंने कहा कि यह योजना हर घर में लक्ष्मी के रूप में पहुंच रही है। जैसे घर में बहन-बेटी को आशीर्वाद देने



से सुख-समृद्धि आती है, वैसे ही यह योजना भी परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही है।

डॉ. मोहन यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों और युवाओं की तरह महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को भी प्राथमिकता दे रही है। उनका कहना था कि सरकार "भगवान श्रीराम की संस्कृति" में विश्वास करती है, जहां वचन निभाना ही धर्म होता है। यही भावना लाड़ली बहना योजना के पीछे भी है। यह योजना केवल पैसा देने की व्यवस्था नहीं, बल्कि बहनों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और गरिमा की भावना को भी मजबूत कर रही है। यह मध्यप्रदेश के सामाजिक विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

# महिलाओं के श्रम-पराक्रम से ही देश का विकास संभव है... नारी शक्ति को नमन



मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। महिलाओं के श्रम और पराक्रम से ही देश का विकास हुआ है। हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है... भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। प्रधानमंत्री जी ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व-रोजगार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित किया है। - डॉ. मोहन यादव, सीएम

D-16028/25

### लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर पीएम मोदी की उपस्थिति में हुआ भव्य आयोजन

# नर्मदापुरम की 10 हजार नारी शक्ति भोपाल से महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में भागीदार बनीं

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भोपाल के जम्बूरी मैदान में शनिवार को मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया।




महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और अपने प्रेरणादायी भाषण से उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनकल्याणकारी कार्यों और महिला सशक्तिकरण में उनके अद्वितीय योगदान का स्मरण किया।

इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले से आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की 10,354 महिलाओं ने सहभागिता दर्ज की। प्रातःकाल से ही महिलाओं का जम्बूरी मैदान में उत्साहपूर्वक आगमन आरंभ हो गया था। सभी ने एकजुटता और आत्मविश्वास के साथ सम्मेलन में भाग लेकर नारी शक्ति का प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में देश में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और स्वयं सहायता समूहों की दीदीयाँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने दीदीयों को लखपति बनाने के अभियान के तहत आजीविका मिशन की विशेष सराहना करते हुए इसे सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

शासन द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताया।

कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर की महिलाओं को नई ऊर्जा, प्रेरणा और सशक्तिकरण का संदेश दिया। नर्मदापुरम की महिलाओं की प्रभावशाली भागीदारी इस आयोजन की एक विशेष उपलब्धि रही।

# हरे पेड़ काटकर ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को वन विभाग ने पकड़ा



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

जहां एक और तो सरकार कह रही है की एक पड़ पेड़ मां के नाम जरूर लगाए हर प्रत्येक व्यक्ति पांच पांच पैड लगा कर पर्यावरण को सुरक्षित रखें वहीं दुसरी ओर सिवनी मालवा में किस प्रकार से हरे भरे पेड़ काटे जा रहे जो एक गंभीर विषय बनता ज रहा है रेंजर जी.एस. बघेल ने बताया की बीते रोज वन विभाग को सूचना मिली थी की एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली बाराखड के राजस्व इलाके से कल्लू कोरकू जीतू राठौर गोटिपुरा के ट्रैक्टर ट्राली से गुराड़,जामुन,बबुल और सफेद सिरेश की हरे पेड़ काटकर इटारसी की ओर ले जा रहा है। जिस पर वन विभाग ने बघवाड़ा के पास ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर आरोपी के ऊपर लकड़ी का अवैध परिवहन करते हुए ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर प्रकरण बनाया गया।

# ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने एवं इसके सफल क्रियान्वयन में नर्मदापुरम जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दिशा में जिले ने प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।जिला सूचना अधिकारी  मनीष गुणवान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक 2500 से अधिक ए-फाइलों का सृजन किया जा चुका है तथा 10,000 से अधिक ई-फाइलों का आदान-प्रदान प्रमुख शासकीय कार्यालयों के मध्य किया गया है।



वर्तमान में जिले के 47 शासकीय कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली पर ऑनबोर्ड कर लिया गया है। इन कार्यालयों में अब पारंपरिक कागजी फाइलों के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से फाइलों और पत्रों का संप्रेषण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जिले के समस्त मुख्य कार्यालय का संचालन ई ऑफिस प्रणाली से किया जा रहा है। जिसकी सर्वप्रथम शुरुआत कलेक्टर सुश्री मीना के द्वारा फाइल जेनरेट करने के साथ ही हो गई थी।

मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप, आगामी चरण में जिले के समस्त अनुविभाग, तहसील एवं विकासखंड स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। इस उद्देश्य से संबंधित कार्यालयों का मास्टर डाटा तैयार किया जा रहा है।

ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हुई है, जिससे शासन की योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 जून को राजभवन पचमढ़ी में लेंगे कैबिनेट बैठक

# बैठक को लेकर की जा रही तैयारियों का कलेक्टर सोनिया मीना ने लिया जायजा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 जून 2025 को पचमढ़ी के सुरम्य एवं प्राकृतिक वातावरण में स्थित राजभवन में कैबिनेट मंत्रियों की बैठक लेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के अन्य मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण भाग लेंगे।



बैठक की तैयारियों की समीक्षा के लिए नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने पचमढ़ी पहुंचकर बैठक स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने राजभवन परिसर में होने वाली कैबिनेट बैठक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बैठक में शामिल होने वाले मंत्रीगणों के आवास, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं पूर्वनियोजित और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही मंत्रीगणों के स्टाफ एवं प्रदेश स्तरीय आला अधिकारियों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा कर कलेक्टर सुश्री मीना ने आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अन्य संभावित कार्यक्रम स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैफिक, पार्किंग, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बरतने एवं समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर ने सभी स्थलों पर व्यवधान रहित एवं सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, सीईओ जिला पंचायत टी. प्रतिक राव, अपर कलेक्टर डी.के. सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 33 केवी की विद्युत लाइन पर गिरा भारी भरकम यूकेलिप्टस का पेड़ संपूर्ण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई लगभग ढाई घंटे रही बंद

**तेंदूखेड़ा।** तेजगढ़ से तेंदूखेड़ा आने वाली 33 केवी की विद्युत  लाइन पर साँगा के पास 3-15 बजे यूकेलिप्टस का भारी भरकम पेड़ गिर जाने से 184 गांवो की विद्युत सप्लाई बंद हो गई जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा  लगभग 184 गांवो की विद्युत सप्लाई रही बाधित दोपहर में अचानक विद्युत सप्लाई बंद होने पर तेंदूखेड़ा सब स्टेशन  से लाइन को  दो बार जोड़ा गया परंतु दोनों बार लाइन फाल्ट मार गई इसी दौरान पेड़ गिरने की सूचना विद्युत कंपनी को मिली हवा आंधी के कारण पर गया है ऐसी जानकारी मिली है इसके बाद टीम को रवाना किया गया जहां पर भारी मशक्कत करने के बाद पेड़ हटाकर विद्युत सप्लाई कर्मचारियों की अथक मेहनत के कारण सुचारू हो सकी इसमें लगभग ढाई घंटे का समय लगा इसके कारण संपूर्ण क्षेत्र तेंदूखेड़ा , तारादेही , सैलवाड़ा सहित लगभग 184 गांवो की विद्युत सप्लाई दोपहर 3-15 बजे से 5-35 तक बाधित रही जिसके चलते लोगों को अच्छी खासी परेशानी हुई इस संबंध में विद्युत कंपनी के जेई एमएफ अंसारी ने बताया कि हवा आंधी की वजह से साँगा के पास यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया था जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल विद्युत कंपनी की टीम को रवाना किया गया और विद्युत को सुचारू करवाया गया



# 31 मई को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनीता कामले  के मार्गदर्शन में तथा जिला नोडल अधिकारी (NTPC) डॉ रजनी कुशवाहा एवं डॉ सुधीर विजयवर्गीय , आरएमओ डॉ संजय पुरोहित, अलका इंदौरकर प्रबंधक, एमपीडब्ल्यू मीडिया प्रभारी सुनील साहू,देव नारायण खापरे  के नेतृत्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2025 को दुनिया भर में लोगों को तंबाकू सेवन और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिला अस्पताल नर्मदापुरम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखननगर, सोहागपुर डोलरिया सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विभिन्न गतिविधियां जैसे शपथ ग्रहण, रैली, रंगोली बनाकर विश्व जागरूकता अभियान चलाया गया वर्ष 2025 का घोषित विषय/थीम आकर्षण का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति का खुलासा करना पर आधारित रहा।



# गीता विश्वकर्मा हुई सेवा निवृत्त

**तेंदूखेड़ा।** शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत रही और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ापदस्थ रही गीता विश्वकर्मा सेवानिवृत हो गई। 31 मई को विद्यालय परिवार द्वारा उनका सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित कर उन्हें श्री राम दरबार, शाल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर संस्था प्राचार्य पी एल रैकवार ,वरिष्ठ शिक्षक के एल चौकसे,स्वदेश नेमा, श्री पाल यादव ,चंद्रशेखर हजारी,दीपक विदौल्या,जी पी अहिरवाल ,गणेश सिंह ठाकुर,हरि मेहरा ,सतीश खरे शिक्षिका ,जानकी नेमा,लक्ष्मी रैकवार,रजनी जैन,अभिलाषा शर्मा मैडम द्वारा अपने उद्बोधन में उनके सेवाकाल में किए गए कार्य की प्रशंसा की । कार्यक्रम का संचालन जुगल शर्मा ने किया । इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अवधेश पांडे,अरविंद यादव,वीरेंद्र यादव,राजेश जैन,नरेंद्र अहीरवाल,शिक्षिका सुरभि जैन,अंजली खरे,वर्षा नामदेव,अतिथि शिक्षक दशरथ सिंह,दीपेश कटारे,नगर के सांदीपनि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बहादुर सिंह,शिक्षक अमित श्रीवास्तव,माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक तेजी सिंह ठाकुर,शिक्षक शैलेन्द्र यादव,भारत साहू,प्राथमिक कन्या शाला की प्रधानाध्यापिका जैनएवं गीता के परिवार के सदस्यों पति महेंद्र विश्वकर्मा पूर्व सी एम ओ ,पुत्र जितेंद्र,धीरेन्द्र,वीरेंद्र एवं उनकी पुत्र बंधुएं,रिश्तेदारों की उपस्थिति रही ।



**मेट्रो एंकर** 5 माह से वेतन नही मिला, आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को दिया आवेदन

# वेतन नहीं मिला तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगें

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेन्दूखेड़ा  सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य करने बाले समस्त आउटसोर्स कर्मचारी ने मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देकर मांग की है कि पॉच माह का वेतन नही दिए जाने पर समस्त कर्मचारी अनिश्चित कालीन हडताल पर चले जाएगें। कर्मचारियो ने अपने आवेदन में कहां कि जनवरी 2025 से अब तक पांच माह का वेतन समस्त आउटसोर्स कर्मचरियो को नहीं दिया गया है ना ही अप्रैल 2024 से बड़े हुए वेतन का एरियर्स मिला हैं। वेतन और एरियर्स के संबंध में कलेक्टर को 26 अप्रेल एवं 27 मई को आवेदन दे कर अवगत करा चुके हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्यवाही नही हो रही है। आउटसोर्स कर्मचारी हताश है परेशान है कोई उनकी गुहार सुनने वाला नहीं है जहां तक की कई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन कोई सुनाई नहीं हो रही है। हताश होकर समस्त ऑउट सोर्स कर्मचारियों ने 2 जून 2025 को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निश्चय किया है।



कर्मचारियों ने बताया हैं कि 8 मई को कलेक्टर की तरफ से यह सूचना प्राप्त हुई थी कि डेढ़ करोड़ रुपये सेट मैप कंपनी को दिया जाएगा जिससे आउटसोर्स कर्मचारी का भुगतान शीघ्र किया जाएगा लेकिन अब तक कोई भुगतान नहीं हुआ है। क्या शासन द्वारा सैट मैप कंपनी को डेढ़ करोड़ का भुगतान नहीं किया गया है जिससे हम लोगों के वेतन में विलंब हो रहा है।

# केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड-'अ' में फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गत दिवस केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड 'अ' में निरूद्ध बंदियों हेतु स्पर्श फिजियोथेरेपी सेन्टर, नर्मदापुरम द्वारा एक दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में उपस्थित डॉ. सुनैना मिश्रा एवं डॉ. सागर शर्मा द्वारा बंदियों को पुरानी चोट एवं दर्द के निदान हेतु महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए फिजियोथेरेपी का डेमोस्टेशन कराया गया। जेल में निरूद्ध 10 पुरूष बंदी एवं 17 महिला बंदियों को फिजियोथेरेपी उपचार दिया जाकर नियमित रूप से फिजियोथेरेपी किए जाने का परामर्श दिया गया।



आयोजित शिविर के दौरान संतोष सोलंकी जेल अधीक्षक, हितेश बंडिया-अष्टकोण अधिकारी, श्रीमती इंदुराज साहु ( मेलनर्स ) एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर कार्यक्रम संचालन के लिए डॉ. सुनैना मिश्रा एवं डॉ. सागर शर्मा स्पर्श फिजियोथेरेपी सेन्टर, नर्मदापुरम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

नशामुक्ति का संदेश रैली से

# विधायक तथा कलेक्टर और अन्य ने सहभागिता निभाई



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा आज अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर विदिशा जिले में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। प्रातःकाल जन-जागरूकता रैली के माध्यम से नशा के दुष्प्रभावों की जानकारी और संदेशों का संप्रेषण किया गया था।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ विधायक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई है। रैली नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई नीमताल चैराहे पर संपन्न हुई है।

नशा विमुक्ति जन-जागरूकता रैली में सहभागिता निभाई वालों के हाथों में विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से नशा नहीं करने,नशा से होने वाले दुष्परिणामों, नशा से बचाव के उपायों पर केंद्रित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है।

जन-जागरूकता रैली जैसे ही नीमताल चैराहे पर पहुंची तो सबसे पहले महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों ने माल्यार्पण किया।

समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि नशा से हर प्रकार का नुकसान होता है। उन्होंने शारीरिक और आर्थिक दोनों परेशानियां का सामना करना पड़ा है। उन्होंने आधुनिक युग में नशे के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित किया।

नशामुक्ति रैली का समापन सभी ने नशा नहीं करने की शपथ से किया शपथ का वाचन विधायक मुकेश टंडन ने किया जिससे सभी ने दोहराया है।

## सिरोंज थाना में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपी की सूचना देने पर नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** एसपी रोहित काशवानी ने सिरोंज थाना में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। सिरोंज थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 175/2025 के फरार आरोपी अजय पुत्र विजय वाल्मीकी निवासी ग्राम भाऊखेडी थाना पथरिया जिला विदिशा की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

लोकमाता अहिल्या बाई की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हुआ नारी शक्ति का सम्मान

# 17वी शताब्दी में सिरोंज में हुआ था रानी अहिल्या बाई का विवाह : उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लोकमाता के नाम से विख्यात रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण आधारित एक कार्यकम का आयोजन किया गया। नगरपालिका एवं जनपद पंचायत के संयुक्त नेतृत्व में देर रात ऐतिहासिक राव जी की हवेली के प्रागंण में आयोजित हुए भव्य आयोजन में विधायक उमाकांत शर्मा ने सामाजिक कल्याण,समाजसेवा,शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में वर्षों से काम कर रही नारी शक्ति के प्रतीक महिलाओं का केसरिया शाल पटका एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित भी किया। इसके पूर्व मंचसीन सभी महिलाओं का केसरिया साफा बांधकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा ने 16 वीं शताब्दी से लेकर वर्तमान की 21 वीं सदी के अंतराल की सिरोंज के इतिहास से जुडी रोचक जानकारियों से भी उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया।







कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की नगर शाखा प्रमुख सरला भार्गव ने कहा कि अहिल्या बाई ने मुग़ल शासन में तोड़े गये देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया द्य उन्होंने चारों धाम, बारह ज्योतिर्लिंग,सात पुरियां का निर्माण व जीर्णोद्धार लगभग सोलह करोड़ की अपनी निजी संपत्ति से करवाया द्य देश के इतिहास में दूसरा कोई शासक नहीं मिलता जिसने मंदिरों के लिए इतना काम किया हो द्य रानी अहिल्याबाई जयंती कार्यक्रम के दौरान मंच पर समाज में अग्रणी भूमिका निभा रही महिलाओं को ही स्थान दिया गया था। इस दौरान प्रमुख रूप जनपद की अध्यक्षा पुष्पा यादव, वरिष्ठ शिक्षिका अचला,शर्मा,फरहत उन निशा, समाजसेविका बिल्किस जहां,महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष इंदिरा जैन,पार्षद रीना शर्मा,वर्षा यादव, कृष्णा देवी शाक्य,जनपद सदस्य हीरा बाई वंशकार,शीला बाई विश्वकर्मा मौजूद रही। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर नीति टंडन ने एवं भूमिका वक्तव्य जनपद की सीईओ श्रीमति वंदना शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर सेतु श्रीवास्तव के नेतृत्व में बाल टोली ने साजो बाज के साथ अहिल्या बाई के जीवनवृत पर आधारित गीत की संगीतमय प्रस्तुति भी दी। इस दौरान काफी संख्या में नगर की महिलाएं एवं नागरिक एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि कुछ लोग मानते है कि अहिल्या बाई की शादी सिरोंज में हुई थी तो कुछ का कहना है पूना पेठ में विवाह हुआ था द्य इस बारे में उमाकांत शर्मा ने एक ऐतिहासिक दस्तावेज पेश कर दावा किया कि अहिल्या बाई का विवाह सिरोंज में इसी रावजी की हवेली में हुआ था द्य खड़ेराव मालेराव नामक एक पुस्तक जिसके लेखक देवास के नारायण वामन मूले है द्य यह पुस्तक मराठा इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है द्य इसमें उल्लेख है कि 1737 दिसंबर से जनवरी 1738 तक बालाजी राव के नेतृव में सभी मराठा सरदारों ने भोपाल नबाब से यूद्ध किया ओर भोपाल नबाब को हराकर चौथ वसूल किया द्य इस दौरान सभी मराठा सरदारों के पड़ाव सिरोंज ओर इसके आसपास लगे थे द्य मल्हार राव होल्कर ने अपने पुत्र खण्डेराव का विवाह अहिल्या बाई से 14.5.1738 को सिरोंज में किया द्य प्रमाण के तौर पर विवाह पत्रिका का पुस्तक में उल्लेख है, जिसमें लक्ष्मण शंकर कमाविशदार को बांसवाड़ा विवाह पत्रिका अहिल्या बाई के ससुर मल्हारराव होल्कर ने भेजी द्य जिसमें स्पष्ट लिखा है कि खण्डेराव का विवाह सिरोंज में संपन्न होगा आप आकर मंडप की शोभा बढ़ाये द्य इतना स्पष्ट ओर सटीक सबूत इतिहास में कम ही देखने को मिलता है द्य आगे इसमें कुरवाई के सुनार से 200 तोला सोना के जेवर 2728 ऊपर में खरीदने का उल्लेख भी है ओर विवाह के पूरे खर्च का लेखा जोखा भी दिया हुआ है द्य कार्यक्रम में विधायक वह पुस्तक भी लेकर आए थे। उमाकांत शर्मा ने कहा कि बुद्धिमानों को इतिहास का अवलोकन कर एक राय तय करना चाहिए कि अहिल्या बाई का विवाह किस जगह हुआ था। उन्होंने कहा कि रावजी की हवेली होल्कर राजवंश की सत्ता का एक प्रमुख केंद्र रही है द्य पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने इस हवेली को राज्य द्वारा संरक्षित स्मारक घोषित करा दिया था, लेकिन कुछ समय बाद इसे उस श्रेणी से हटा दिया ओर पहले की तरह इसमें स्कूल का संचालन ही होता रहा।

### अहिल्याबाई की प्रतिमा की स्थापना का हुआ भूमि पूजन

ऐतिहासिक रावजी की हवेली में मंचीय कार्यक्रम के उपरांत विधायक उमाकांत शर्मा मंचासीन महिलाशक्ति के साथ प्रांगण में ही देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा को स्थापित करवाने के लिए भूमि पूजन भी किया। इस मौके पर अहिल्याबाई के जीवन वृत से जुड़ी हुई एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा की इतिहास की किताबों में अहिल्याबाई को कम जगह देकर उनके साथ अन्याय किया गया है जितना महान उनका व्यक्तित्व था उसके मान से उनके बारे में बहुत कम लिखा गया है। हम यहां प्रतिमा की स्थापना कर उनके सम्मान को स्थापित करने का काम करेंगे। इसके पूर्व उन्होंने समारोह में उपस्थित महिलाओं का पुष्पवर्षा कर सम्मान भी किया।

# हिमाचल की अध्ययन यात्रा से लौटा स्काउट गाईड दल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। विदिशा भारत स्काउट गाइड जिला संघ विदिशा का 13 सदस्यों का दल राज्य स्तरीय कार्यशाला अध्ययन यात्रा हिमाचल प्रदेश में सहभागिता कर शुक्रवार को वापिस लौटा है। भारत स्काउट गाइड जिला संघ विदिशा के सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर की अनुशंसा पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त भोपाल संभाग राजेश मेवाड़े, सहायक संचालक अनीता पटले एवं सुशील कुमार बिल्लौरे के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में आयोजित अध्ययन यात्रा में विदिशा जिले से 3 स्काउटर, 6



गाइडर एवं 4 रेंजर्स ने विभिन्न साहसिक गतिविधियों में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू मनाली की मनभावन वादियों में स्काउटर गाईडर को समुद्र तल से 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रे पर हाइक के द्वारा ले जाया गया। जहां मौसम के पल पल बदलते हुए स्वरूप का गहन अध्ययन स्काउटर गाईडर ने किया। इसके अलावा मणिकरण स्थित गुरुद्वारा, मनाली में देवी हिडिंबा मंदिर, रेवासल में 51 शक्तिपीठों में से एक माता नैना देवी के मंदिर का भ्रमण भी स्काउटर गाईडर को करवाया गया।

देश की सबसे लंबी टनल जो कि देश के इंजीनियर्स की योग्यता का उत्कृष्ट नमूना है अटल टनल का भ्रमण भी स्काउटर गाईडर ने किया। जिले के स्काउटर गाईडर ने हिमाचल प्रदेश में स्थानीय निवासियों से मिलकर हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को भी बारीकी से समझा। हिमाचल प्रदेश के सेव एवं लीची के बागानों के साथ साथ पहाड़ों पर की जाने वाली खेती करने के पारंपरिक तरीके भी स्काउटर गाईडर को बताए गए। जिले से इस दल में जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी, शमशाबाद से स्काउटर हनीफ खान मंसूरी, बासौदा से सुनील जैन, विदिशा से गाइडर

# संघ शिक्षा वर्ग का आज होगा समापन समारोह , निकाली वाहन रैली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) वर्ग का आज समापन समारोह एलबीएस कॉलेज के परिसर में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें हर परिवार की सहभागिता उसके लिए लगातार चार प्रसार और आमंत्रण पत्रों का वितरण भी किया जा रहा है अलग-अलग टोलियां इस काम में लगी है। शनिवार को शाम के समय दो पहिया वाहन रैली का आयोजन समापन कार्यक्रम को लेकर किया गया इसका उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में परिवारों की सहभागिता हो इसके संबंध में वाहन रैली छतरी नाके से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस वहीं पर पहुंचकर संपन्न हुई ।इसके अलावा घर-घर आमंत्रण पत्र भी समापन कार्यक्रम के लिए वितरण करके हर परिवार को आमंत्रण दिया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक हर कार्यकर्ता के द्वारा व्यापक तैयारियां भी की गई है । एक दिन पहले रात्रि में भोजन कार्यक्रम का आयोजन भी सरस्वती मंदिर के परिसर में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजनों ने यहां पर पहुंचकर रात्रि में इस भोज का आनंद लिया। संघ का शिक्षक विद्यार्थी वर्ग 18 मई से चल रहा है इसमें प्रदेश के 31 जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया है।



## मऊ के पास दो मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर, दो की हालत गंभीर

**सिरोंज।** भोपाल सिरोंज रोड पर ग्राम मऊ गांव पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर होने से दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके बाद हंड्रेड डायल और एंबुलेंस से घायलों को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया जहां पर वाजिद तथा मनु को गंभीर चोटें होने पर प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें विदिशा रेफर कर दिया इस तरह दुर्घटनाओं उमर ,घनश्याम और राधे भी घायल हुआ है । अस्पताल से तेहरी मिलने के बाद पुलिस वाहन दुर्घटना का मामला दर्ज करेगी दुर्घटना के बाद गांव वाले एकत्रित हो गए जिन्होंने हंड्रेड डायल और एंबुलेंस को सूचना दी इनकी सहायता से ग्रामीणों ने मिलकर इनको अस्पताल पहुंचाया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दो को ज्यादा चोटे होने के कारण विदिशा रेफर कर दिया।

# पीएम के कार्यक्रम में 115 बसों से गई महिलाएं कार्यकर्ता , यात्री बसों का हुआ टोटा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रानी अहिल्याबाई जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए भोपाल आए इसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला और भाजपा कार्यकर्ताओं को भोपाल पहुंचने के लिए 115 यात्री बसों को लगाया गया था। तहसील कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था।जहां पर जनपद सीईओ वंदना शर्मा ने पहले सभी वर्षों को रिसीव किया इसके बाद अलग-अलग क्षेत्रों से महिला और कार्यकर्ताओं के विठला गया इसके बाद भोपाल के लिए रवाना किया। हर बस में



सचिव ,रोजगार सहायक,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता मौजूद थी।

हितग्राहियों को दो भोजन के पैकेट और पानी के इंतजाम किए गए थे। खबर लिखे जाने तक 112 बस है वापस आ गई थी तीन बसों का आने का इंतजार किया जा रहा था। ज्यादा संख्या में

बसों के चले जाने से बस स्टैंड पर यात्री बसों की कमी होने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महिला और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग रूटों से बसों को तैयार किया गया था। नगर पालिका कार्यालय से बसो को भोपाल के लिए रवाना किया गया । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू , सीएमओ राम प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

**मेट्रो एंकर** विदिशा जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक संपन्न

# जागरुरकता से परिवार नियोजन के प्रति और बढ़ा है विश्वास

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन सीएमएचओ डॉ. योगेश तिवारी के निर्देशन में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में डॉ. पुनीत माहेश्वरी, डॉ राकेश पंथी, एएसओ अजय छिरोलिया , प्रभारी मीडिया अधिकारी श्री बीएस दांगी, डॉ पंकज मिश्रा, श्री मनीष विश्वकर्मा के साथ-साथ सभी ब्लॉकों से आए बीपीएम, बीसीएम एवं स्टोर इंचार्ज सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करना, कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध अस्थायी साधनों की पहुँच एवं उपयोग को समझना तथा विभिन्न ब्लॉकों में क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा करना था।

बैठक में यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि विकल्प परियोजना के लागू होने के बाद से जिले में अंतरा इंजेक्शन जैसे दीर्घकालिक अस्थायी साधन की पहुंच और स्वीकार्यता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विकल्प कार्यक्रम के माध्यम से अंतरा इंजेक्शन के प्रचार-प्रसार, स्टाफ की क्षमता वृद्धि एवं



लाभार्थी केंद्रित दृष्टिकोण के कारण अधिक महिलाएं इस साधन की ओर आकर्षित हुई हैं।

इसी प्रकार, अन्य अस्थायी साधनों जैसे 'छाया माला, एन कंडोम और आईयूसीडी (कॉपर-टी) के उपयोग में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार, लाभार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा है।

बैठक में सभी ब्लॉकों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक ब्लॉक से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर यह देखा गया कि कुछ क्षेत्रों में सेवाओं की निरंतरता बनी हुई है, जबकि कुछ स्थानों पर अस्थायी साधनों की उपलब्धता एवं वितरण में चुनौतियाँ सामने आई हैं। विशेषकर जहां अंतरा इंजेक्शन की सेवाएँ सीमित हैं, वहाँ समीपवर्ती स्वास्थ्य संस्थानों से स्टाफ की अस्थायी प्रतिनियुक्ति कर सेवाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

एचएमआईएस डेटा और एनपीके चैटबॉट पर बल दिया गया - बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम में परिवार कल्याण से संबंधित डाटा समय पर और सटीक रूप से दर्ज किया जाए। इसके लिए प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में महीने के अंत में सीएचओ, एएनएम एवं आशा की समन्वय बैठक कर डाटा संकलित किया जाए, और उसे समय से एचएमआईएस पोर्टल पर अपडेट किया जाए। साथ ही, एनपीके चैटबॉट का उपयोग नियमित रूप से करने और उसमें लाभार्थियों की एंट्री एवं किट वितरण की सूचना समय पर देने के निर्देश भी दिए गए, जिससे फील्ड स्तर पर वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक योग्य बनी रहे।

बैठक में ईएसबी-1 और ईएसबी-2 के तहत आशा कार्यकर्ताओं को दिए जाने वाले प्रोत्साहन भुगतान की प्रक्रिया को समय पर संपन्न करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि किसी भी लाभार्थी या आशा को भुगतान में अनावश्यक विलंब न हो।

इसके अतिरिक्त, निर्देश दिया गया कि बीपीएम, बीईई या बीसीएम जब भी किसी एच डब्ल्यूसी का भ्रमण करें, तो वे वहाँ उपलब्ध डिस्ट्रिब्यूशन रजिस्टर, रिकॉर्ड रजिस्टर, और सेल्फ-केयर किट रजिस्टर की जांच अवश्य करें, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

### क्वालिफायर 2 में मुंबई-पंजाब भिड़ंत

# आईपीएल का आकलन आसान नहीं



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

खेल डेस्क

**आईपीएल2025 के फाइनल मुकाबले में महज 2 दिन का समय बाकी है, तीसरे दिन चैंपियन टीम का फैसला हो जायेगा। आरसीबी के बाद आज अहमदाबाद में खेले जाने वाले क्वालीफायर-2 में आईपीएल का दूसरा फाइनलिस्ट तय होगा। लीग चरण में टॉप पोजीशन पर रहने वाली पंजाब टीम को बेंगलुरू से मिली करारी शिकस्त के बाद अब उसका सामना हमेशा से ही उलटफेर में माहिर धमाकेदार मुंबई इंडियंस से होगा।वैसे तो दोनों ही टीमों की बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी ताकतवर नजर आती है,लेकिन सच तो यह है कि आईपीएल की खासियत की वजह से किसी भी टीम की दावेदारी करना आसान नहीं है।**

ऐसा ही कुछ नजारा पहले क्वालीफायर में देखने को भी मिला,जब टूर्नामेंट के कई टॉप स्कोरर बल्लेबाजों सजी हुई पंजाब टीम एक बेहद मामूली स्कोर पर बेंगलुरु के सामने ढेर हो गयी।वहीं अगर बात इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी चैंपियन टीम मुंबई की करें तो वह भी 2024 के टूर्नामेंट में आखिरी पायदान पर रहकर इस बार भी लगातार शुरुआती हार के बाद उसने टॉप 4 में जगह बना कर एक बार फिर उलटफेर करने की काबलियत दिखा दी है।अब आज पंजाब और मुंबई के बीच होने वाला मैच दोनों टीमों के लिए सेमीफाइनल मुकाबले की तरह है। एक ओर जहां पंजाब को लीग मैचों में टॉप पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिला है,वहीं मौजूदा खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को एलिमिनेटर में हराने वाली मुंबई इंडियंस की टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ आखिरी पायदान पर कदम रखने को तैयार है।वैसे तो इस मैच के लिए क्रिकेट के तमाम जानकार और खेल के पंडितों ने मुम्बई की दावेदारी का अनुमान लगाया है लेकिन मेरे नजरिये में क्रिकेट के खेल में और खासतौर से आईपीएल में किसी भी तरह का अनुमान लगाना आसान नहीं कहा जा सकता है।सही मायने में अब क्रिकेट को आज के युग मे भी अनिश्चितताओं का खेल कहा जाने की सबसे बड़ी वजह आईपीएल ही बन कर उभरी है,वरना वर्ल्ड क्रिकेट टूर्नामेंट्स में तो पिछले कई दशक से कोई भी बड़ी अनिश्चितता नजर नहीं आयी है।मतलब साफ है कि क्रिकेट को अनिश्चितता ओं के खेल कहा जाने की साख को बचाने का जिम्मेदारी हाल फिलहाल में आईपीएल के पास ही है।अब देखना यह दिलचस्प रहेगा कि आज के मैच में बाजी कौनसी टीम मारती है।वैसे देश के क्रिकेट प्रेमियों को 2025 आईपीएल के फाइनल में हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले दो दिग्गज कोहली और रोहित को अहमदाबाद के मैदान में देखने की आस होगी,लेकिन आईपीएल के गर्त में क्या छिपा है इसका आकलन करना मुश्किल ही नहीं यह तो नामुमकिन कहा जा सकता है। मेरा तो बस यही नजरिया है कि आईपीएल देखो और उसकी धार के मजे लेकर किसी भी भविष्यवाणी और घोषणा से परहेज करना ही बेहतर है।



### कन्कशन नियमों में भी परिवर्तन संभव

## वनडे मैचों में गेंद के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी प्लेइंग कंडीशन्स में कुछ बदलाव कर सकता है। इसमें वनडे मैचों में एक गेंद के नियम से लेकर कन्कशन सब्स्टीट्यूट में परिवर्तन तक शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल के शुरू में टी20 सीरीज के दौरान कन्कशन सब्स्टीट्यूट के इस्तेमाल को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद आईसीसी ने इस नियम में कुछ संशोधन करने का फैसला लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, टीमों को मैच शुरू होने से पहले रैफरी को ऐसे पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी जो कन्कशन सब्स्टीट्यूट होंगे। इस सूची में विकेटकीपर, बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, स्पिनर और ऑलआउरंडर की भूमिका से एक खिलाड़ी होगा। अगर ऐसी स्थिति आती है कि जिस खिलाड़ी को कन्कशन सब्स्टीट्यूट चुना गया है वो भी कन्कशन का शिकार हो जाता है तो मैच रैफरी को सूची के बाहर किसी खिलाड़ी को उसका रिप्लेसमेंट चुनना होगा। हालांकि, रिप्लेसमेंट चुनते वक्त यह ध्यान रखना होगा कि ये लाइक फॉर लाइक सब्स्टीट्यूट हो। यानी अगर कोई तेज गेंदबाज कन्कशन के कारण बाहर हो रहा है तो उसकी जगह कोई तेज गेंदबाज ही मैदान पर आए।

### भारत-इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के दौरान हुआ था विवाद

भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल चौथे टी20 मैच के दौरान भारत ने शिवम दुबे की जगह कन्कशन सबस्टीट्यूट के रूप में हर्षित राणा को उतारा था। शिवम गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं जिन्होंने 89 टी20 मैचों में 72.4 ओवर गेंदबाजी की है और उनकी जगह हर्षित को उतारने पर विवाद हुआ था क्योंकि हर्षित विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं। हर्षित ने उस मैच में तीन विकेट लिए थे। इस फैसले ने यह चर्चा शुरू कर दी थी कि क्या भारत को इससे फायदा पहुंचा। मौजूदा नियम के अनुसार, कन्कशन सब्स्टीट्यूट लाइक फॉर लाइक रिप्लेसमेंट हो सकता है जिसमें मैच रैफरी सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी को मंजूरी देते समय चोटिल खिलाड़ी की शेष खेल में भूमिका को ध्यान में रखता है। रिपोर्ट के मुताबिक, संशोधित प्लेइंग कंडीशन्स 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले पहले टेस्ट मैच से लागू हो सकते हैं।

### आईपीएल इतिहास के वो 5 महारिकॉर्ड, जिनका टूटना लगभग असंभव,

## दो रिकार्ड अकेले सुनील नरेन के नाम, ब्रेंडम मैकुलम ने भी 2008 में रचा था इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का फाइनल मुकाबला 3 जून को होना है। इस लीग की लोकप्रियता अब पूरी दुनिया में देखने को मिल रही है। हर साल मार्च से मई तक का समय विशेष रूप से आईपीएल के लिए निर्धारित होता है, जिसमें दुनिया के सभी क्रिकेट बोर्ड अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को खेलने के लिए भेजते हैं। महज दो महीने के भीतर, कई खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ और उनके साथ खेलकर खुद को और भी बेहतर बना लेते हैं। आईपीएल अपनी टीमों की संख्या और वैश्विक दर्शकों के मामले में लगातार विस्तार कर रहा है। हर गुजरते साल के साथ खेल की प्रतिस्पर्धा और तीव्रता और बढ़ती जा रही है। आईपीएल में हर साल नए रिकॉर्ड बनते-बिगड़ते हैं। लेकिन इस लीग के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जिनका टूटना असंभव है। यहां आईपीएल इतिहास के 5 ऐसे रिकॉर्ड आपको बता रहे हैं, जिनका टूटना असंभव है...

**ब्रेंडन मैकुलम**- 18 अप्रैल 2008 को क्रिकेट की दुनिया हमेशा के लिए बदल गई, जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबला खेला। यहीं से आईपीएल की शुरुआत हुई और दुनिया ने पहली बार इस फटाफट क्रिकेट का अनुभव किया। एक पारी ने क्रिकेट के भविष्य को बदल कर रख दिया। इस मैच में ब्रेंडन मैकुलम ने सिर्फ 73 गेंदों में 158 रन ठोक डाले, जिसमें 10 चौके और 13 छक्के शामिल थे। 2008 में, इस तरह की आक्रामक बल्लेबाजी वनडे में भी कम ही देखने को मिलती थी।



### एमवीपी पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी : नरेन

सुनील नरेन ने 2012, 2018 और 2024 में आईपीएल में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का खिताब जीता है। खासकर 2024 सीजन में उनका प्रदर्शन बेमिसाल रहा। उस सीजन में %इम्पैक्ट प्लेयर% नियम लागू था, और नरेन ने कुल 450 एमवीपी पॉइंट्स हासिल किए। उस सीजन में दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली थे, जिन्होंने 315.5 पॉइंट्स ही जुटाए। आईपीएल इतिहास में अब तक कोई भी खिलाड़ी एक सीजन में 400 पॉइंट्स के आंकड़े को पार नहीं कर पाया है। इसके सबसे करीब जोस बटलर (2022 में 387) और शेन वॉटसन (2013 में 386) रहे हैं।

### आईपीएल में एक सीजन में सभी अवे मैच जीतने वाली टीम- आरसीबी

आईपीएल 2025 में आरसीबी ने कुछ खास कर दिखाया। फाइनल से पहले ही आरसीबी ने अपने सभी अवे (बाहर के) मैचों में जीत हासिल कर ली। लीग स्टेज में उन्होंने सातों अवे मैच जीते—कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, जयपुर, मुल्लांपुर, दिल्ली और लखनऊ में जीत दर्ज की। इसके अलावा, क्वालिफायर 1 में भी आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में 8 विकेट से जीत दर्ज कर ली। इस तरह एक सीजन में आरसीबी का अवे रिकॉर्ड 8–0 रहा। फाइनल में आरसीबी होम टीम के रूप में खेलेगी, इसलिए उनका 100% अवे रिकॉर्ड इस सीजन में हमेशा कायम रहेगा।

### तीन आईपीएल सीजन में 6 से कम इकॉनमी रेट – सुनील नरेन

सुनील नरेन एक और अविश्वसनीय रिकॉर्ड के मालिक हैं। आईपीएल इतिहास में वह एकमात्र गेंदबाज हैं, जिन्होंने कम से कम 14 मैचों के सीजन में तीन बार 6 से कम इकॉनमी रेट रखा है। लसिथ मलिंगा, डेल स्टेन, राशिद खान, मुथैया मुरलीधरन और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज गेंदबाज भी यह कारनामा सिर्फ एक बार कर पाए हैं। नरेन ने अपने चरम पर (2012–2014) लगभग बल्लेबाजों को बांधकर रख दिया—2012 में 5 ।48, 2013 में 5 ।47 और 2022 में 5 ।57 की इकॉनमी रेट रही।

### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## सचिन को रजत, अनिमेष और विथ्या ने जीते कांस्य पदक

**गुमी (दक्षिण कोरिया)।** भाला फेंक के उभरते भारतीय खिलाड़ी सचिन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया, जबकि अनिमेष कुजूर और विथ्या रामराज ने क्रमश-पुरुषों की 200 मीटर फाइनल और महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता।25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता।



इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी (20.31 सेकंड) ने रजत पदक जीता।

### टीम इंडिया ने पहली पारी में बनाए हैं 557 रन

## भारत ए के खिलाफ टॉम हेन्स का शतक, लायंस का स्कोर 237/2



**कैंटरबरी।** टॉम हेन्स के शतक और मैक्स होल्डेन के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में दिन के खेल की समाप्ति तक दो विकेट पर 237 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड लायंस की टीम फिलहाल भारत ए से 320 रन से पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय हेन्स 103 रन और होल्डेन 64 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए अबतक अंशुल कंबोज और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला है।

इससे पहले, करुण नायर के दोहरे शतक और ध्रुव जुरेल तथा सरफराज खान के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहली पारी में 557 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड लायंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और भारत को पहली सफलता अंशुल कंबोज ने बेन मैकनी को आउट कर दिलाई जो 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हेन्स ने एमिलिओ गे के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की और इंग्लैंड लायंस की पारी को संभाला। हर्ष ने हालांकि एमिलिओ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एमिलिओ 90 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर हेन्स और होल्डेन ने पारी आगे बढ़ाई और भारत ए के गेंदबाजों को दिन का खेल समाप्त होने तक कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। हेन्स और होल्डेन के बीच अब तक तीसरे विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

### जुरेल शतक से चूके

इस मैच में इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन करुण, जुरेल और सरफराज ने शानदार बल्लेबाजी कर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। सात साल बाद वापसी कर रहे करुण ने दमदार बल्लेबाजी की। भारत ए ने पहले दिन तीन विकेट पर 409 रन बनाए थे, लेकिन दूसरे दिन भारत ए की पारी लंच के बाद ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरे दिन चौथा झटका जुरेल के रूप में लगा जो शतक से चूक गए। जुरेल 120 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 94 रन बनाकर आउट हो गए। जुरेल और करुण के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई जिसे अजीत डाले ने तोड़ा। नीतीश कुमार रेड्डी प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए। करुण ने हालांकि शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और 272 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

### शर्मिष्ठा के सपोर्ट में उतरीं कंगना रनौत, बोलीं-

## उसने माफी मांग ली है, अब उसे परेशान करने की जरूरत नहीं

**बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सासंद कंगना रनौत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के समर्थन में सामने आई हैं, जिनकी हाल ही में गिरफ्तारी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए शर्मिष्ठा की तत्काल रिहाई की मांग की है।**



शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर कंगना रनौत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भले ही शर्मिष्ठा की भाषा तीखी रही हो, लेकिन आज के दौर में युवा इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। कंगना ने लिखा, अगर उसने माफी मांग ली है तो उसे और परेशान करने की कोई जरूरत नहीं है। उनके मुताबिक, इस तरह किसी को डराना या प्रताड़ित करना न्यायसंगत नहीं है और शर्मिष्ठा को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। पुणे स्थित लॉ यूनिवर्सिटी की छात्रा और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली ने हाल ही में एक वीडियो के जरिए हिंदी फिल्म जगत के कई सितारों की आलोचना की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि इन सितारों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न पर चुप्पी साध रखी है। यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया और इसके बाद उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

**इन्फलुएंसर ने मांगी माफी** – विवाद बढ़ने पर शर्मिष्ठा ने अपना वीडियो डिलीट कर माफी भी मांगी, लेकिन तब तक कोलकाता पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद कानूनी नोटिस जारी कर उनके परिवार को भी सूचित किया गया। शुक्रवार रात को हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि**- गौरतलब है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान को अंजाम दिया, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था। इसी ऑपरेशन पर बॉलीवुड की चुप्पी को लेकर शर्मिष्ठा ने सवाल उठाए थे।

**सोशल मीडिया पर बंटा रिएक्शन** शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी और कंगना के बयान पर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोग कंगना के समर्थन में हैं तो वहीं कुछ लोग कानून के पालन की बात कर रहे हैं। हालांकि, ये साफ है कि यह मामला अब सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव भी नजर आने लगा है।

## थाइलैंड की सुचाता को मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब, टॉप 8 से बाहर हुईं भारत की नंदिनी



हैदराबाद में आयोजित 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में थाईलैंड की ओपल सुचाता ने %मिस वर्ल्ड 2025% का ताज पहना। ये थाईलैंड के लिए इस बड़े मंच पर पहली जीत है। ओपल को मिस वर्ल्ड 2024 क्रिस्टिना पिजकोवा ने ताज पहनाया। इस प्रतियोगिता में कुल 108 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 40 ने अंतिम स्थान प्राप्त किया। ओपल की जीत ने न सिर्फ थाईलैंड का गौरव बढ़ाया, बल्कि एशिया में भी एक नई मिस वर्ल्ड विजेता का उदय हुआ।

ओपल ने रचा इतिहास

थाईलैंड की ओपल चुआंगस्त्री उर्फ सुचाता चुआंगस्त्री ने मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। उनका जन्म 20 मार्च 2003 को फुकेत शहर में हुआ था। ओपल वर्तमान में थाईलैंड की प्रतिष्ठित थामसैट यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल मामलों की पढ़ाई कर रही हैं। वो थाई, अंग्रेजी और चीनी भाषाओं में दक्ष हैं और अपनी भाषाई क्षमता से वैश्विक मंच पर प्रभावशाली संवाद स्थापित करने में सक्षम हैं।

### नेपोटिज्म पर राजपाल यादव का बड़ा बयान, बोले-

## अगर ऐसा होता तो बॉलीवुड में शाहरुख खान कैसे होते..

**हाल ही में एएनआई से की गई बातचीत में राजपाल यादव खुलकर नेपोटिज्म जैसे सब्जेक्ट पर बात की है। वह मानते हैं कि कनेक्शन के दम पर आपको करियर के शुरूआत में ब्रेक मिल सकता है लेकिन आगे की सफलता टैलेंट के दम पर मिलती है। राजपाल यादव कहते हैं, ह्यकोई नेपोटिज्म नहीं है। मैं बहुत ईमानदारी से बोलना चाहता हूं। अगर ऐसा होता तो बॉलीवुड में शाहरुख खान साहब कैसे होते? परेश रावल, अनुपम खेर, अक्षय कुमार, जॉनी लीवर, संजीव कुमार, राजेश खन्ना साहब और धर्मेंद्र साहब इस इंडस्ट्री का हिस्सा कैसे बनते? मैं भी इस इंडस्ट्री का हिस्सा कैसे बनता?**

राजपाल यादव आगे कहते हैं, मेरे परिवार में किसी ने भी मुझे बॉलीवुड या थिएटर से जुड़ने के लिए नहीं कहा था। मेरे मन में यह बात आई। मैंने अपने बच्चों से भी कहा कि कोई भी किसी खेल में और सिनेमा में आपका करियर नहीं बना सकता है। हमारे अंदर जो एक सच्चा और अच्छा इंसान है, अगर वह आपसे कुछ कहता है तो ही आप जिंदगी में कुछ कर पाओगे। इसमें मैं अपने आपकी मदद (बच्चों की) नहीं कर पाऊंगा।ह्न राजपाल यादव का कहना है कि पैरेंट्स के कारण मौके मिल सकते हैं लेकिन सफलता की कोई गारंटी नहीं है। वह खुद हासिल करनी पड़ती है।



### बिल्कुल भी नहीं है नेपोटिज्म

राजपाल यादव अपनी बात का आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, ह्यअगर आप एक खिलाड़ी हैं तो आपके बच्चे को खेलने का मौका मिलेगा। इसी तरह अगर कोई शख्स 30 सालों से फिल्म या टेलीविजन कर रहा है, उसका बच्च जानता है कि पापा क्या करते हैं? वह अगर फिल्ममेकिंग सीखेगा तो अपने दम पर ही आगे बढ़ पाएगा, ना कि नेपोटिज्म के दम पर। मेरे कम से कम 200 रिश्तेदार हैं, मैं तो किसी को भी नेपोटिज्म का फायदा नहीं दे पाया क्योंकि यह इंडस्ट्री में मौजूद ही नहीं है। बस मेहनत और भगवान के आशीर्वाद से कोई आगे बढ़ता है, तभी दर्शकों का प्यार मिलता है। पिछले साल राजपाल यादव फिल्म ह्यभूल भुलैया 3 में नजर आए। इस साल वह ह्यवेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे। इन

### पुलिस का मुखबिर तंत्र फेल, सिर्फ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पर ही पुलिस का फोकस

# शहर में बाइक सवार लुटेरों का नहीं सुराग कलेक्शन एजेंट और महिला से लूटपाट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में बाइक सवार लुटेरों का अब तक सुराग नहीं लगा है। लुटेरों ने क्रमशः गौतम नगर और शाहपुरा में दो वारदातों को अंजाम दिया था। बदमाशों ने दिन के समय कलेक्शन एजेंट पर चाकू से हमला कर उसका पैसों से भरा बैग छीन लिया, जबकि इसी रात शाहपुरा में आटो में सफर कर रही महिला का पर्स झपट लिया। पर्स में सोने का हार, पांच हजा रुपए की नगदी और मोबाइल था। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस को संदेहियों के फुटेज भी मिल गए है। फुटेज मुखबिर तंत्र तक भी पहुंच गए, लेकिन अभी तक लुटेरों का कोई ठोस सुराग नहीं लगा। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**केवल फुटेज तक ही पुलिस सीमित**

राजधानी में अक्सर होने वाली लूट और अन्य वारदातों में पुलिस सीसीटीवी कैमरों पर आश्रित हो जाती है। अक्सर घटनाओं में पुलिस को सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी मिल जाते हैं, लेकिन फुटेज की क्वालिटी ठीक नहीं होने के कारण पुलिस के हाथ निराशा ही लगती है। इस बार लुटेरों के फुटेज साफ होने के बाद भी पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि इसकी प्रमुख वजह पुलिस का मुखबिर तंत्र है।

## गौतम नगर में पहली वारदात

जानकारी के अनुसार इब्राहिमगंज, हनुमानगंज निवासी आदित्य आर्य (23) टाटा कंज्युमर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि कंपनी किराना दुकानों पर सामान की डिलेवरी देती है। सामन की डिलेवरी के बाद कलेक्शन का काम आदित्य का है। उसके पास तीन दिन का कलेक्शन था। बुधवार को आदित्य ने ईदगाह स्थित गुरुनानक देव किराना स्टोर्स के बगल से किराना दुकान से 1300 रुपए लिए और कलेक्शन वाले बैग में रख लिए। आदित्य अपनी एक्टिवा से जेपी नगर तिराहा से मंडीगेट की तरफ जा रहा था। इस दौरान



मोबाइल पर बातचीत भी कर रहा था। तभी दो से सवा दो बजे के बीच बाइक सवार दो बदमाश उसका पीछा करते हुए एक्टिवा के पास पहुंच गए। बाइक चला रहे बदमाश ने आदित्य के हाथ से मोबाइल झपट लिया। आदित्य कुछ समझ पाता इससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने चाकू से आदित्य की पीठ पर हमला किया और उसके कंधे पर लटका कलेक्शन का बैग छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। गौतम नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया।

## शाहपुरा में दूसरी वारदात

मोहम्मद आमीन (51) मूलतः झारखंड के हैं। उनका भोपाल अक्सर आना जाना है। वे ऑफिस के काम से वह भोपाल आए हुए हैं और ऑफिस के ही रेस्ट हाउस में रुके हुए है। रिश्तेदारी में शादी होने के कारण उनकी पत्नी भी आई है। दंपती बुधवार दोपहर रेस्ट हाउस से न्यू मार्केट खरीदारी करने पहुंचे थे। इससे पूर्व पत्नी ने बैंक लॉकर में रखा सोने का हार निकाला था, जिसे पर्स में रख लिया। शाम को न्यू मार्केट में खरीदारी की और रात करीब पौने दस बजे आटो किराए पर लेकर शाहपुरा स्थित रेस्ट हाउस जाने के लिए निकले। वे रोहित नगर फेस-वन में एचडीएफसी बैंक की शाखा के पास पहुंचे थे। इस दौरान करीब पौने दस बजे के आसपास बाइक सवार लुटेरों में पीछे बैठे लुटेरे ने आमीन की पत्नी के हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में मोबाइल, पांच हजार रुपए की नगदी और सोने का हार था। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग अब तक नहीं लगा।

# भाइयों ने फर्जी दस्तावेज से हड़पी सरकारी जमीन, बेटे ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का केस




### सरकारी जमीन को पैतृक भूमि बताकर पत्नी के नाम कराई रजिस्ट्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर उसके पिता व ताऊ के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी का आरोप है कि करीब 29 साल पहले उसके पिता व बड़े पापा ने पैतृक भूमि बताकर सकरारी जमीन हड़प ली और अब किसी और को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नीम वाली सडक जिंसी जहांगीराबाद निवासी इकबाल कुरैशी इन दिनों सेंट फ्रांसिस स्कूल के पीछे चर्च रोड पर रह रहे हैं। विगत 6 फरवरी को उन्होंने मुस्तुफा कुरैशी व अब्दुल सुब्हान के खिलाफ शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि मोरारजी नगर मस्जिद के पास सरकारी जमीन है। जमीन के खसरा नंबर में हेरफेर कर दो सगे भाइयों मुस्तुफा व सुब्हान ने 20 नवंबर 1996 को जमीन की रजिस्ट्री अब्दुल सुब्हान की पत्नी नसीमा के नाम करा दी। जमीन को उन्होंने पैतृक जमीन होना बताया। रजिस्ट्री में गवाह के स्थान पर मुस्तुफा ने हस्ताक्षर किए हैं। कुछ समय पहले नसीमा की मृत्यु हो चुकी है। फरियादी इकबाल कुरैशी का कहना है कि उक्त जमीन सरकारी संपत्ति है। यह जानते हुए कि जमीन सरकारी हैं, दोनों आरोपी भाइयों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नसीमा के नाम फर्जी दस्तावेज बनाए गए हैं और अब आरोपी उक्त जमीन बेचने की तैयारी कर रहे हैं।

# दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर तालाब में डूबा, गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तलैया थाना क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर के पास शनिवार दोपहर बड़े तालाब में नहाते समय एक किशोर पानी में डूब गया। उसे गोताखोंरो की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजन शोकाकुल होने के कारण कुछ भी कहने की स्थिती में नहीं है।



रविवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी। पुलिस के अनुसार लक्की पिता अनीश अहमद (17) बड़ईपुरा, तलैया में रहता था और स्कूली छात्र था। शनिवार दोपहर वह अपने दोस्त नीलेश मांझी और अन्य के साथ बड़े तालाब पहुंचा। दोपहर करीब साड़े तीन बजे शीतला माता मंदिर के पास लक्की ने घाट पर कपड़े उतारे और नहाने के लिए उतर गया। गहरा पानी होने के कारण वह पानी में डूबने लगा था। उसके साथ मौजूद नीलेश और अन्य साथी ने शोर मचाया, लेकिन जब तक लक्की को बाहर निकाला जाता काफी देर हो चुकी थी। नीलेश मांझी के साथ मौजूद बच्चे ने घटना की जानकारी तत्काल घर पहुंचकर परिजन को दी थी। सूचना मिलते ही लक्की की मां मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस का कहना है कि उसके पिता बाहर गए हुए हैं। बेटे की मौत से दुखी मां बार बार बेसुध हो रही थी। लिहाजा उनसे लक्की के बारे में पूछताछ नहीं की गई है।

## ऑटो की चपेट में आने से छात्र मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित अर्जुनखेड़ी में रहने वाले 8वीं के छात्र की लोडिंग ऑटो की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना आठ मई की बताई जा रही है। मृतक अपने दोस्तों के साथ मंदिर से पूजा कर घर लौट रहा था। पीयूष कुशवाहा अर्जुन खेड़ी में रहता था। पिता किसान हैं। आठ मई की दोपहर को दोस्तों के साथ मंदिर पूजा करने गया था। वहां से लौटते समय पीछे से आए लोडिंग ऑटो ने पीयूष को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात को उसकी मौत हो गई। पीयूष को टक्कर मारने वाले लोडिंग वाहन चालक को सड़क हादसे के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# पिपलानी पेट्रोल पंप के पास कैब बुक कर रहे वकील के हाथ से आईफोन झपट लिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित रायसेन रोड पिपलानी पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने वकील के हाथ से आईफोन झपट लिया। घटना गत 26 मई की रात करीब सवा 12 बजे के आसपास की है। दरअसल, वकील अपने बेटे के साथ सागर से भोपाल चार्टेड बस से आए थे और पिपलानी पेट्रोल पंप के पास ओला कैब बुक कर रहे थे, तभी बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। पुलिस के अनुसार आलोक कुमार श्रीवास्तव (46) सरस्वती कालोनी जिला दमोह में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे वकालत करते हैं और गत 26 मई की रात अपने बेटे के साथ सागर से भोपाल आने वाली चार्टेड बस से पिपलानी पेट्रोल पंप के पास उतरे। उन्हें अपने भाई के घर जाने के लिए ओला कैब बुक करना था। वे पिपलानी पेट्रोल पंप के पास खड़े होकर आईफोन से ओला कैब बुक करने लगे। इसी बीच रात करीब सवा 12 बजे एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से आईफोन झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश जेके रोड की तरफ भाग निकले। पुलिस का कहना है कि घटना की शिकायत आलोक कुमार ने 28 मई को दी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# नदी में नहाने उतरा युवक गहरे पानी में डूबा, मौत

### पिता ने किया था जाने से मना

**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी खुर्द में नदी में नहाने उतरा युवक गहरे पानी में डूब गया। पिता ने उसकी लाश पानी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दीपक सपेरा पिता विनय सपेरा (20) गांव खुराना, नजीराबाद में रहता था और मेहनत मजदूरी करता था। उसके पिता ने बताया कि वह परिवार के साथ बरखेड़ी खुद गांव में मूंग की फसल काटने के लिए आए थे। उनके साथ दीपक भी था। गांव के खेत में सभी लोग फसल काट रहे थे। इसी बीच दीपक कुछ दूरी पर नदी में नहाने का कहकर चला गया। उसे मना भी किया था, लेकिन वह नहीं माना उसने कहा कि किनारे पर बैठकर नहा लूंगा। करीब तीस मिनट बीत गया, लेकिन दीपक लौटकर नहीं आया। उसे देखने पिता विनय पहुंचे तो वह पानी में डूबा मिला। उसके पैर कीचड़ में फंसे थे। विनय ने किसी तरह उसे पानी से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दीपक का शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



# शराब के लिए पांच सौ रुपए की अड़ीबाजी, पीठ पर ब्लेड मारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित माली मार्केट में एक बदमाश ने युवक पर ब्लैड से हमला कर दिया। ब्लड पीठ पर लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। युवक का आरोप है कि बदमाश ने शराब पीने उससे पांच सौ रुपए मांगे थे। रुपए नहीं देने से नाराज होकर उसने ब्लेड से हमला कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रहलाद सूर्यवंशी पिता मोहन लाल सूर्यवंशी (27)अर्जुन नगर, एमपी नगर में रहता है और सत्यपाल इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडर सप्लाई का काम करता है। शुक्रवार दोपहर वह माली मार्केट कलारी से शराब का क्वाटर खरीदकर घर जा रहा था। इस दौरान जैन साहब की दुकान के सामने उसे सलमान मिला। सलमान ने शराब पीने के



लिए पांच सौ रुपए की मांग की। प्रहलाद ने रुपए देने से मना किया तो वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। प्रहलाद ने उसे गाली देने से मना किया तो उसने अपने पास रखी ब्लैड निकाली और पीठ पर हमला कर दिया। ब्लेड पीठ में दाहिने तरफ लगने से खून बहने लगा। इसके बाद आरोपी सलमान मौके से भाग निकला।

## युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**भोपाल।** नजीराबाद स्थित गांव रुनाहा में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह ब्यावरा में रहकर प्राइवेट ड्राइवर का काम करता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कमल अहिरवार (21) गांव रुनाहा नजीराबाद का था और ब्यावरा में रहकर ड्राइवरी करता था। उसके परिवार में माता पिता के अलावा अन्य 7 भाई है। परिजन ने बताया कि कमल ब्यावरा से शनिवार को ही रुनाहा आया था। रात में खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। देर रात करीब डेढ़ बजे नींद खुली तो कमल फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसे फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद कमल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि कमल के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**मेट्रो एंकर** — निजी कॉलेज का था आई कार्ड, इससे मकान मालिक से कराया एग्रीमेंट

# वीजा अवधि के बाद भोपाल में रह रही युगांडा की युवती को किया गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी रह रही युवती को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाने और फॉरेन एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई गुप्त वार्ता से आई जानकारी के बाद की गई। पुलिस के अनुसार स्टेला नका बुंदे (27) युगांडा की रहने वाली है। इसी महीने मई में उन्होंने गुलमोहर शाहपुरा में एक मकान किराए पर लिया था। मकान मालिक को उन्होंने निजी कॉलेज का आईकार्ड दिखाया। छात्रा होने के कारण मकान मालिक ने मकान किराए पर दे दिया और एग्रीमेंट करा दिया। विदेशी नागरिक होने के कारण मकान मालिक ने किरायानामा और अन्य दस्तावेज



कंट्रोल रूम भेजे। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की नजर दस्तावेज पर पड़ी और उन्हें संदेह हुआ। संदेह होने पर गुप्ता वार्ता द्वारा जांच प्रतिवेदन शाहपुरा पुलिस को भेजा गया। शाहपुरा पुलिस ने जांच की तो पता चला कि स्टेला नका बुंदा का वीजा वर्ष 2022 में समाप्त हो चुका है। बावजूद इसके वह फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रही थी।

### मकान किया खाली

फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वीजा खत्म होने के बाद भी राजधानी में रह रही स्टेला को पता चला कि मकान मालिक द्वारा कंट्रोल रूम को दस्तावेज भेजें है और उस पर कार्रवाई हो सकती है तो उसने गत 27-28 मई को मकान खाली कर दिया था। इसके बाद कटारा हिल्स इलाके में रहने के लिए चली गई थी। शाहपुरा पुलिस ने उसे कटारा हिल्स से गिरफ्तार किया है।

## दुकान से पर्स चोरी करते 2 महिलाओं को पकड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ज्वेलर्स शॉप से एक स्कूल टीचर का पर्स चोरी करते हुए बाजार में ग्राहक बनकर पहुंची दो महिला चोर को रंगे हाथों पकड़ा। बताया जा रहा है कि 28 मई को दोनों महिलाएं ज्वेलर्स शॉप में पहुंची तो व्यापारी को शक हुआ। इसके बाद वो महिलाओं पर नजर रखे हुए थे। जैसे ही महिलाओं ने स्कूल टीचर के पर्स से पैसे चोरी करने की कोशिश की तो व्यापारी ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। घोड़ा नक्कास में रहने वाली स्नेहलता गुप्ता स्कूल टीचर है। 28 मई को चौक बाजार में एक ज्वेलर्स शॉप पर जेवर लेने पहुंची थी। तभी दो महिलाएं भी पीछे-पीछे दुकान में पहुंची। दोनों महिलाओं पर व्यापारी को शक हो हुआ और चोरी करते वक्त पकड़ा गई।

**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा – खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)

ई. निविदा क्रमांक डिप्टी–सी.ई.–सी–सीधी–05–2025 दिनांक– 27.05.2025

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **ई.– निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी–सी.ई.–सी–सीधी–05–2025, दिनांक– 27.05.2025** के द्वारा आमंत्रित करते हैं। निविदाएं बंद होने की तारीख **25.08.2025** एवं समय **15:00** बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र. –** डिप्टी–सी.ई.–सी–सीधी–05–2025, दिनांक– 27.05.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित –** मध्य प्रदेश राज्य में सीधी–सिंगरौली नई रेल लिंक परियोजना के संबंध में बहरी और गोंडावली स्टेशनों के बीच किमी 124/400 से 165/380 तक नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) दस्तावेज, जिसमें मिट्टी कार्य, छोटे पुल, बड़े पुल, महत्वपूर्ण पुल, पुल, आरओबी (आरसीसी बॉक्स प्रकार), आरयूबी/एलएचएस, स्टेशन भवन, सुरंग, ट्रैक कार्य और अन्य विविध कार्य शामिल हैं। **निविदा का अनुमानित मूल्य –** रू. 21856691345.46, **निविदा फार्म की (कीमत रूपये) –** रू. 0.00, **बयाना राशि (रूपये में)–** रू. 20000000.00, **कार्य समापन अवधि (माह)–** 900 दिन मानसून सहित, **ई निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय–** दिनांक 25.08.2025 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। **बोली आरंभ तिथि:** 11.08.2025, निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय–समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)

उप मुख्य अभियंता(निर्माण), पमरे, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया** **कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022